शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 138 | गुवाहाटी | गुरुवार, 14 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

गाजा : संरा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित — पेज 2
आसू नेता समेत 300 से अधिक लोग भाजपा में शामिल : पीयूष — पेज 3
विकास के साथ कानून-व्यवस्था को दुरस्त करना सबसे बड़ी प्राथमिकता : दीया — पेज 5
विकास के साथ कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करना सबसे बड़ी प्राथमिकता : दीया — पेज 8

# संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक, दर्शक दीर्घा से कूदे दो लोग, कार्यवाही बाधित

## *छह लोगों के शामिल होने का संदेह, चार गिरफ्तार, 2 की तलाश जारी*

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए, जिसके बाद कार्यवाही अचानक दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। सदन में शून्यकाल के दौरान दोपहर करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से दो व्यक्ति सदन में कूदे और इनमें से एक व्यक्ति मेज को फांदते हुए आगे की ओर भाग रहा था। सुरक्षाकर्मियों और कुछ सांसदों ने उसे घेर लिया। बाद में दोनों को पकड़ लिया गया। पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कुछ सांसदों का कहना है कि सदन में कूदने वाले व्यक्तियों ने कुछ ऐसे पदार्थ का छिड़काव किया, जिससे गैस फैल गई। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि सदन में दो लोग कूदे। समाजवादी पार्टी के सांसद एस टी हसन ने कहा कि दर्शक दीर्घा से दो लोग लोकसभा कक्ष में कूदे और जूते से कुछ ऐसी चीज निकाली, जिससे गैस फैलनी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि यह गैस कैसी थी, यह कोई जहरीली गैस तो नहीं थी। हमें संसद की सुरक्षा में भारी गंभीर खामी नजर आ रही है। इस तरह से तो कोई जूते में बम रखकर आ सकता है। हसन ने कहा कि इस तरह की सुरक्षा चूक पर आगे ध्यान देने की जरूरत है। संसद की सुरक्षा में चूक की यह घटना 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन हुई है। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जो घटना शून्यकाल के दौरान हुई थी उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है। इस संदर्भ में दिल्ली पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आरंभिक जांच से पता चला कि वह साधारण धुंआ था। चिंता का विषय नहीं है। इससे पहले, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन पर वर्ष 2001 में आज ही के दिन किए गए आतंकवादी हमले की बुधवार को बरसी पर, इस हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद परिसर में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख नेताओं में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मंत्री पीयूष गोयल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी को शहीदों के परिवारों के सदस्यों, विशेषकर बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया, जो मौके पर एकत्र हुए थे। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर



## लोस स्पीकर सख्त, संसद भवन परिसर में दर्शकों को प्रवेश बंद

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में सुरक्षा को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक्शन में आ गए हैं। लोकसभा में बुधवार को दो व्यक्तियों के दर्शक दीर्घा से नीचे कूदने के बाद संसद भवन परिसर में दर्शकों का प्रवेश निलंबित कर दिया गया है। इस घटना के बाद आज के लिए वैध आगंतुक पास रखने वाले लोगों -शेष पृष्ठ दो पर

## अवैध नागरिकों को भूमि या राजनीतिक अधिकार नहीं : गौहाटी उच्च न्यायालय



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गौहाटी उच्च न्यायालय ने कहा है कि जिस किसी भी व्यक्ति को कानूनी रूप से *अवैध* घोषित किया गया है, उसके पास कोई भी राजनीतिक या भूमि का अधिकार नहीं रहेगा। न्यायालय ने आज स्पष्ट रूप से कहा कि जिस भी व्यक्ति को अवैध नागरिक माना गया है, उसका हर राजनीतिक अधिकार समाप्त हो जाएगा। इसका तात्पर्य यह है कि ऐसे लोग न तो चुनाव लड़ सकेंगे और न ही चुनाव के दौरान वोट डाल सकेंगे। अवैध नागरिकों का भूमि या संपत्ति पर कोई और अधिकार भी नहीं रहेगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य में किसी भी अवैध व्यक्ति के कब्जे वाली जमीन या संपत्ति को सरकार जब्त कर लेगी। इसके बदले ऐसे व्यक्तियों -शेष पृष्ठ दो पर

## छत्तीसगढ़ में किए वादे पूरा करेगी सरकार : सीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि उन्हें अपनी पार्टी पर पूरा भरोसा है कि राज्य के लोगों से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के मनोनीत मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आज रायपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ शर्मा मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ी जीत है। वे छत्तीसगढ़ के पूरे लोगों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने विश्वास -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने ली सीएम पद की शपथ



**रायपुर ( हि.स. )।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर जवाब दें गृह मंत्री : खड़गे



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में आज एक बड़ी चूक हुई है। यह एक गंभीर मामला है। केंद्रीय गृह मंत्री को दोनों सदनों में इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। खड़गे ने आज राज्यसभा में आसन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि हम चाहते हैं गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में मुद्दे पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न है कि इतनी सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कैसे दो लोग अंदर आए और लोक सभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद कर -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानाध्यापिका ने छात्रों को कीड़े वाले चावल खाने को कहा, मचा बवाल



**बरपेटा।** असम के बरपेटा जिले में आज उस समय लोगों का गुस्सा देखने को मिला जब एक स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने कथित तौर पर अपने छात्र को कीड़े वाले चावल खाने को कहा और कहा कि इसमें विटामिन होता है। बरपेटा के नालिरपार में भातकुसी हाई स्कूल के छात्रों और अभिभावकों ने आज प्रधानाध्यापिका भानु ठाकुरिया के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला, जब उन्होंने कथित तौर पर छात्रों से कहा कि कीड़े और कीड़े वाले चावल का सेवन अच्छा है क्योंकि इसमें विटामिन होते हैं। कथित तौर पर छात्रों ने मध्याह्न भोजन के दौरान चावल की खराब गुणवत्ता के बारे में प्रधानाध्यापिका से शिकायत की थी और कहा था कि उन्हें परोसे गए चावल में कीड़े और कीड़े थे। इसके बाद प्रधानाध्यापिका -शेष पृष्ठ दो पर

*एक्शन में मोहन यादव*

## धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपने पहले बड़े फैसले में मोहन यादव ने बुधवार को धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। इससे पहले दिन में, उज्जैन दक्षिण से भाजपा विधायक मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 58 वर्षीय नेता को राज्य की राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## इजरायल को खरी-खोटी सुना रहे थे तुर्की के सांसद, अचानक आया हार्ट अटैक




**तुर्कीये।** इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है। पिछले कई महीनों से चल रहा ये युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। दोनों ओर से लोग मारे जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि हमास के हमलों में इजरायली सेना के 5 हजार से भी अधिक जवान मारे जा चुके हैं, जबकि इस जंग में 17 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों के भी मारे जाने की सूचना है, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। ऐसे में इस भयंकर युद्ध की दुनियाभर में चर्चा हो रही है। कुछ लोग हमास को क्रूर बता रहे हैं तो कुछ इजरायल को कोस रहे हैं। इसमें तुर्की के सांसद भी शामिल हैं। फिलहाल तुर्की के एक सांसद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देख कर और पूरा मामला जानकर लोग भी हैरान हैं। दरअसल, मामला कुछ यूं है कि तुर्की के ये सांसद भरी सभा में इजरायल को कोस रहे थे, उसे खरी-खोटी सुना -शेष पृष्ठ दो पर

## आईईडी ब्लास्ट में सीएएफ जवान शहीद, एक घायल

**नारायणपुर ( हि.स. )।** जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमदाई खदान के पास बुधवार सुबह 11 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। नक्सलियों के आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से सीएएफ के 9वीं वाहिनी के जवान आरक्षक कमलेश कुमार बलिदान हो गए। वहीं, एक जवान आरक्षक विनय कुमार को मामूली चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## आकाश में गुरुवार रात होगी इस साल की सबसे बड़ी खगोलीय आतिशबाजी



**भोपाल ( हि.स. )।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए गुरुवार (14 दिसंबर) की रात्रि बेहद खास होने वाली है। इस दौरान साल 2023 की सबसे बड़ी खगोलीय आतिशबाजी देखने को मिलेगी। इस दिन शाम 7 बजे के पहले ही दूज के पतले हंसियाकार चंद्रमा के अस्त होने के बाद अंधेरे पूर्वी आकाश में जेमिनीड उल्का बौछार के दिखने की शुरुआत होगी। भोपाल की राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बुधवार को आकाश की इस प्राकृतिक आतिशबाजी के बारे में बताया कि यह वर्ष की सबसे शानदार उल्का वर्षा होगी। इसमें प्रति घंटे लगभग 120 से 150 तक उल्काओं (टूटते तारों) को देखने की संभावना रहगी। यह उल्काएं 35 किलोमीटर प्रति सेकंड -शेष पृष्ठ दो पर

**सुप्रभात**

*आदमी अपने जन्म से नहीं अपने कर्मों से महान होता है।*
**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## हूती विद्रोहियों ने व्यवसायिक जहाज पर क्रूज मिसाइल से किया हमला

**वॉशिंगटन ( हि.स. )।** अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने दावा किया है कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों से व्यासायिक जहाज पर हमला किया है। हूती विद्रोहियों ने ये मिसाइलें यमन से प्रक्षेपित किया। जानकारी के अनुसार, इस हमले से व्यवसायिक टैंकर जहाज पर आग लग गई। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि क्रूज मिसाइलों से ये हमला बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास उत्तर में किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले -शेष पृष्ठ दो पर

## संसद पर आतंकी हमले के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में बुधवार को संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, बलिदानियों के परिवार के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने भी बलिदानियों को -शेष पृष्ठ दो पर

## केंद्रीय विवि संशोधन विधेयक को रास से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** राज्यसभा ने बुधवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी। इससे पहले यह विधेयक लोकसभा से भी पास हो चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज राज्यसभा में विधेयक पर जवाब देते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय हमारे सरकार की प्राथमिकता है। इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय संस्थान का दर्जा हासिल होगा और यह सभी को जनजातीय विषयों पर विशेष अध्ययन व शोध का अवसर प्रदान करेगा। प्रधान ने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## अब और जटिल होगा कश्मीर का मुद्दा : इमरान खान



**इस्लामाबाद।** अनुच्छेद-370 को समाप्त करने से पाकिस्तान को गहरा झटका लगा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अनुच्छेद-370 को समाप्त करने को सही ठहराने के भारत के शीर्ष अदालत के फैसले से कश्मीर मुद्दे को सुलझाने में और जटिलता आएगी। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान ने एक संदेश में कहा कि कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को समाप्त करना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का सरासर उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद-370 को समाप्त करने के फैसले को -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## गाजा : संरा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित

### भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान



**संयुक्त राष्ट्र (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत समेत 153 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। 10 सदस्यों ने इसका विरोध किया। 23 सदस्य इस प्रक्रिया से अनुपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने अपने एक्स हैंडल और वेबसाइट पर साझा की है। संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, इसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम, सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है। प्रस्ताव से पहले फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास का विशिष्ट संदर्भ देने वाले दो संशोधनों के पक्ष में सदस्य देशों ने मतदान किया। यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। फ्रांसिस ने गाजा में तत्काल युद्ध विराम के लिए समर्थन जताया है। संघर्ष विराम का प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया। युद्ध विराम प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाले देशों में अमेरिका, ऑस्ट्रिया, चेक रिपब्लिक, ग्वाटेमाला, इस्राइल, लाइबेरिया, माइक्रोनेशिया, नाउरू, पापुआ न्यू गिनी और परागुआ शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। महासभा में जिस स्थिति पर विचार-विमर्श किया जा रहा है, उसके कई आयाम हैं। सात अक्तूबर को इजराइल पर आतंकवादी हमला हुआ और कई लोगों को बंधक बनाया गया, जो चिंता की बात है। गाजा में बड़ा मानवीय संकट पैदा हुआ है। बड़े पैमाने पर नागरिकों की जान गई है। सभी परिस्थितियों में अंतरराराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का मुद्दा है। भारत वर्तमान में क्षेत्र के सामने मौजूद कई चुनौतियों के समाधान के लिए साझा प्रयास में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की एकता का स्वागत करता है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका युद्ध विराम प्रस्ताव से सहमत नहीं है। अमेरिकी दूत ने युद्ध के लिए सीधे तौर पर हमास को दोषी ठहराया। इजराइल के राजदूत गिलाद अर्दान ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा है कि युद्ध रोकने से केवल हमास को फायदा होगा।

### महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट में झटका!

## तत्काल सुनवाई की मांग पर सीजेआई ने मांगा ईमेल



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से निष्कासन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बुधवार (13 दिसंबर) को महुआ मोइत्रा ने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन, आज कोर्ट ने ये इजाजत देने से इनकार कर दिया। इससे पहले दिन में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश हुए प्रमुख वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ से गुहार लगाई कि मामले की सुनवाई गुरुवार या शुक्रवार को की जाए। लेकिन, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया जा सकता है। हालांकि, अदालत ने महुआ के फैसले को पूरी तरह से खारिज नहीं किया। चीफ जस्टिस ने अभिषेक मनु सिंघवी से इस संबंध में ईमेल भेजने को कहा। फिर उन्होंने कहा कि वह इस बारे में सोचेंगे। इससे पहले दिन में, अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ में याचिका दायर की। न्यायमूर्ति कौल ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश के लिए याचिका को भुगतान न्यायाधीश की पीठ के पास भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट 15 दिसंबर से शीतकालीन अवकाश के लिए बंद हो रहा है। महुआ मोइत्रा इस मामले की तत्काल सुनवाई चाहती थीं, ताकि उससे पहले इस मामले की सुनवाई हो सके। महुआ मोइत्रा पर एक व्यवसायी से नकदी और अन्य महंगे उपहार लेने का आरोप था। इस संबंध में बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर शिकायत की थी। ओम बिरला ने संसदीय आचार समिति को जांच के आदेश दिए। 8 दिसंबर को लोकसभा में एथिक्स कमेटी ने कहा कि महुआ मोइत्रा ने अपने संसदीय ईमेल खाते का विवरण व्यवसायी के साथ साझा किया था। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था। इसलिए, समिति ने उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की। यह रिपोर्ट मिलने के बाद संसदीय कार्य मंत्री महुआ ने मैत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा और इसे ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया। मंगलवार को पता चला कि सांसद पद से बर्खास्त होने के बाद उन्हें सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी दिया जा रहा है।

## योग्य लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचाने को प्रतिबद्ध : पीयूष

**गुवाहाटी (हिंस)।** राज्य के सूचना जनसंपर्क आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने आज कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार सभी कल्याणकारी योजनाओं को योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हजारिका ने मोरीगांव जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेते हुए आज कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों कल्याणकारी योजनाओं को सभी योग्य लाभार्थियों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सरकारी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया कि कोई भी योग्य व्यक्ति उन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि आम लोग उनके बारे में जान सकें और उनका लाभ उठा सकें। हजारिका ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के बारे में भी बात की और कहा कि सरकार उत्सुक है कि लोग आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## गुरुग्राम में रह रहे थे संसद पर हमले के पांचों आरोपी

**गुरुग्राम (हि.स.)।** बुधवार को संसद पर स्मॉग पटाखा हमले के पांचों आरोपी यहां सेक्टर-7 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक घर में रह रहे थे। गुरुग्राम पुलिस के मुताबिक दिल्ली अपराध शाखा की एक टीम मकान नंबर-67 पर पहुंची और कथित तौर पर घर में रहने वाले विशाल शर्मा उर्फ विक्की उर्फ जंगली और उसकी पत्नी राखी को पूछताछ के लिए दिल्ली ले गई। सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस की टीम भी इस घर पर पहुंच गई, मीडियाकर्मी भी पहुंचे। आसपास के लोग घर पर जमा थे, लेकिन पुलिस ने किसी को भी घर के अंदर नहीं जाने दिया। पुलिस ने बताया कि जोड़े के जाने के बाद पुलिस को घर में 13 साल की एक लड़की मिली, जो 8वीं कक्षा में पढ़ती है। जिसने खुद को दंपति की बेटी होने का दावा किया। पुलिस के मुताबिक विशाल शर्मा उर्फ विक्की उर्फ जंगली पहले एक एक्सपोर्ट कंपनी में ड्राइवर के तौर पर काम करता था लेकिन अब वह ऑटो चलाता था। पड़ोसियों ने बताया कि वह शराब पीने का आदी है और अक्सर शराब पीकर पत्नी से झगड़ा करता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संसद की घटना में शामिल पांच आरोपी अलग-अलग समय पर विशाल के घर पहुंचे और यहीं रह रहे थे। एक आरोपी सागर अक्सर विशाल के घर आता रहता है। ये दोनों काफी समय से संपर्क में थे। यह भी पता चला है कि विशाल का पुराना आपराधिक बैकग्राउंड रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद क्राइम यूनिट की टीमों ने उस घर का दौरा किया, जहां उन्हें एक लड़की मिली, जिसने बताया कि दिल्ली पुलिस उसके पिता और मां को दिल्ली ले गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पांचों आरोपी विशाल शर्मा उर्फ विक्की उर्फ जंगली के किराए के मकान में रह रहे थे, जो पिछले 18 साल से यहां परिवार के साथ रहता है। विशाल शर्मा जिला हिसार का मूल निवासी है, जहां से एक आरोपी नीलम भी है। हम पांच आरोपियों और विशाल शर्मा के लिंक के बारे में जांच कर रहे हैं।

## मणिपुर पुलिस ने 230 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल (मणिपुर) (हिंस)।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में कानून उल्लंघन के सिलसिले में 230 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 447 वाहनों तथा एनएच -2 पर 242 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 144 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई है।

## मांडविया ने एम्स में नई अत्याधुनिक सुविधाएं राष्ट्र को की समर्पित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कई नई अत्याधुनिक सुविधाएं राष्ट्र को समर्पित की। इनमें एम्स में मातृ एवं शिशु ब्लॉक, सर्जिकल ब्लॉक, राष्ट्रीय जराचिकित्सा केंद्र, प्राइवेट वार्ड के साथ जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में आधुनिक संक्रमण नियंत्रण केंद्र और फॉरेंसिक डीएनए प्रयोगशाला में उन्नत अनुसंधान केंद्र शामिल है। इसके साथ आज सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीएमआईई) और झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में प्राइवेट वार्ड विंग का भी उद्घाटन किया गया। एम्स में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि आम लोगों के स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाने के उद्देश्य से इन नई सुविधाओं का उद्घाटन किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवा लोगों के अंतिम छोर तक पहुंच सके। डॉ मांडविया ने कहा कि नई दिल्ली स्थित एम्स एक प्रकाशस्तंभ है जिसका देश भर के एम्स सहित सभी अस्पताल स्थापित परंपराएं और सिद्धांत का अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि एम्स की उत्कृष्ट प्रतिष्ठा यहां काम करने वाले समर्पित डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता और उत्साह का प्रमाण है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए देशभर में 1,70,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में टेली-परामर्श सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे आम आदमी के समय, प्रयास और संसाधनों की बचत हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री जी द्वारा 10,000वें जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। पिछले 09 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

## पृष्ठ एक का शेष

### संसद की सुरक्षा...

मंच *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि 2001 में हमारी संसद पर हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सुरक्षाकर्मियों को याद कर रहा हूं। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दुनिया भर में मानवता के लिए खतरा बना हुआ है और वैश्विक शांति में इस अवरोध को खत्म करने के लिए राष्ट्रों का एकजुट होना जरूरी है। सरकार ने बुधवार को लोकसभा को अवगत कराया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लाभार्थियों को सी-फूड देने की कोई योजना नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने प्रश्नकाल के दौरान वाईएसआर कांग्रेस के श्रीकृष्ण देवरायालू लावू के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार देश में 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है और गरीबों के लाभ के लिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है, ऐसे में राज्य सरकारों को भी कुछ करने की इच्छा है तो वह अलग से जोड़ सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि राज्य सरकार गेहूं, चावल के बदले मोटा अनाज देना चाहे तो दे सकती है। राज्य सरकार भारतीय खाद्य निगम को आदेश देकर मोटा अनाज खरीदवाए और उसे गेहूं, चावल के बदले दे। उधर लोकसभा में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो लोग सदन कक्ष में कूद गए। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का महौल हो गया। फिलहाल पूरे मामले को लेकर जांच जारी है। दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और एक पुलिस स्टेशन में पुछताछ की जा रही है। उनकी पहचान मैसूर के सागर शर्मा और मनोरंजन डी के रूप में की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस को संसद की सुरक्षा चूक में 6 लोगों के शामिल होने का संदेह; 4 गिरफ्तार, 2 अन्य की तलाश जारी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से कोई मोबाइल फोन नहीं मिला, पूछताछ जारी है। सूत्रों ने कहा कि सभी 6 संदिग्ध गुरुग्राम में ठहरे थे और एक-दूसरे को जानते हैं। संसद के बाहर दो प्रदर्शनकारियों, एक पुरुष और एक महिला, को भी हिरासत में लिया गया है, जो पीले रंग का धुआं छोड़ने वाले डिब्बे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी पहचान नीलम (42) और अमोल शिंदे (25) के रूप में हुई है। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली के बाहर से आए सभी पांच व्यक्ति गुरुग्राम में ललित झा नामक व्यक्ति के आवास पर एक साथ रुके थे। जबकि अन्य पांच की पहचान की पुष्टि हो गई है, छठा व्यक्ति अज्ञात है। एजेंसी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, पूरे ऑपरेशन की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी। संसद के बाहर से पकड़ी गई एक अभियुक्त नीलम के छोटे भाई ने कहा कि हमें इस बारे में जानकारी नहीं थी कि वह दिल्ली गई है हमें जानकारी थी कि वह अपनी पढ़ाई के लिए हिसार में है। उसने कहा कि वह सोमवार हमसे मिलने आई थी और कल लौटी है। वह बीए, एमए, बी.एड, एम.एड, सीटीईटी, एम.फील और एनईटी उत्तीर्ण किया है। उन्होंने कई बार बेरोजगारी का मुद्दा उठाया था और किसानों के विरोध प्रदर्शन में भी भाग लिया था। मनोरंजन के पिता देवराज ने कहा कि अगर मेरे बेटे ने कुछ अच्छा किया है तो बेशक मैं उसका समर्थन करता हूं लेकिन अगर उसने कुछ गलत किया है तो मैं उसकी कड़ी निंदा करता हूं। अगर उसने समाज के लिए कुछ गलत किया है तो उसे फांसी दी जाए।

### लोस स्पीकर सख्त...

को स्वागत क्षेत्र से वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि अब तक दर्शकों या आंगुतकों पर *प्रतिबंध* लगाने का कोई लिखित निर्देश नहीं आया है। आमतौर पर, दर्शकों के पास दो घंटे के लिए जारी किए जाते हैं। इससे पहले, दिन में कई सांसदों की पत्नियों ने नए संसद भवन का दौरा किया था। बता दें कि, लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोग नीचे कूद गए और कनेस्टर के माध्यम से धुआं फैला दिया। घटना के तुरंत बाद दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि लोकसभा अपने स्तर पर जांच कर रही है तथा इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो धुआं सदन में फैलाया गया था वह साधारण था और इसको लेकर चिंता कोई बात नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में सुरक्षा चूक की घटना के बाद इस विषय पर चर्चा के लिए अपराह्न चार बजे सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। सदन में, विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच बिरला ने बैठक बुलाए जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने आप सब की भावनाओं को पहले व्यक्त कर दिया है। चार बजे इस विषय पर सभी दलों की बैठक बुलाई है। इसके बाद, बिरला ने अपराह्न करीब दो बजकर 50 मिनट पर सदन की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### अवैध नागरिकों को...

को अपनी आजीविका कमाने के लिए कार्य परमिट दिए जाएंगे। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार को अवैध घोषित किये गये ऐसे व्यक्तियों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अवैध घोषित किए गए ऐसे किसी भी व्यक्ति, यदि वे किसी कल्याणकारी योजना के लाभार्थी हैं, को भी योजना के लाभों से वंचित कर दिया जाएगा। उच्च न्यायालय ने कहा है कि असम में अब तक कुल 32,281 व्यक्तियों को अवैध या विदेशी घोषित किया गया है। वहीं, इस संबंध में 97,714 मामले अभी भी लंबित हैं।

### छत्तीसगढ़ में किए...

व्यक्त किया कि भाजपा राज्य में अपने सभी वादे पूरे करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बस इतना कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ के लोगों ने हमें जो प्यार और स्नेह दिया है, हमारी पार्टी हमेशा उनकी ऋणी रहेगी।

### पीएम की मौजूदगी ...

मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा शर्मा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व सांसद ओम माथुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया।

### धार्मिक और सार्वजनिक ...

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने पद की शपथ दिलाई। आदेश में जुलाई 2005 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया है, जिसमें ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर ध्वनि प्रदूषण के गंभीर प्रभावों का हवाला देते हुए सार्वजनिक स्थानों पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे (सार्वजनिक आपात स्थिति के मामलों को छोड़कर) के बीच लाउडस्पीकर और संगीत प्रणालियों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। 28 अक्तूबर 2005 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि साल में 15 दिन त्योहारों के मौके पर आधी रात तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की इजाजत दी जा सकती है। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सीएम चैंबर पहुंचे और राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार संभाला। शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर जारी हमारी मध्यप्रदेश की विकासयात्रा में अपने आप को प्रतिपल समर्पित करते हुए सभी प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह सीधे उज्जैन स्थित श्री महाकाल मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने दर्शन एवं पूजन किया।

### संसद की सुरक्षा ...

गैस स्प्रे तथा नारेबाजी करने लगे? हम उम्मीद करते हैं कि सरकार इस पूरे मुद्दे को गंभीरता से लेगी। हम पूरी घटना की गहन जांच की मांग करते हैं। इस मुद्दे पर सभापति ने अपने जवाब में कहा कि लोकसभा दर्शक दीर्घा में घुसपैठ करने वालों को तुरंत पकड़ लिया गया था। मामले की जांच की जा रही है। परिणाम आते ही वह सदस्यों को सूचित करेंगे। उल्लेखनीय है कि आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए। इस दौरान दोनों युवकों ने नारेबाजी की और रंगीन गैस का स्प्रे किया। इससे संसद में धुआं फैल गया और लोकसभा अध्यक्ष को कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी।

### प्रधानाध्यापिका ने छात्रों ...

ने छात्रों से अजीब टिप्पणी की, जहां उन्होंने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि कीड़े वाले चावल खाना अच्छा है क्योंकि इसमें विटामिन होते हैं। आरोपों में स्कूल के रसोइया को मध्याह्न भोजन के दौरान 450 छात्रों के लिए केवल 2 किलो दाल तैयार करने का निर्देश देना शामिल है, जिससे छात्रों को दो महीने से अधिक समय तक भूखा रहना पड़ा। छात्रों का दावा है कि उपलब्ध कराया गया भोजन अपर्याप्त है और अक्सर कीड़े से दूषित होता है। इसके अलावा, स्कूल में कथित तौर पर बैठने की उचित व्यवस्था, खेल सामग्री का अभाव है और छात्रों को अपने स्वयं के परीक्षा पत्र लाने के लिए मजबूर किया जाता है। एक छात्र ने कहा कि चावल में बड़े-बड़े कीड़े हैं। चावल की गुणवत्ता खराब है। हमने इस बारे में बताया था। बच्चों ने खाने की थालियां उठा कर उसे दिखाई। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि इसमें विटामिन होता है। उन्होंने कहा कि अगर आप चावल के साथ कीड़े खाते हैं तो कुछ नहीं होता क्योंकि इसमें विटामिन होता है। इन आरोपों के बावजूद, प्रधानाध्यापिका भानु ठाकुरिया ने आरोपों को झूठा बताते हुए खारिज कर दिया और इसके लिए छात्रों के बीच गलत धारणाओं को जिम्मेदार ठहराया। जब हम चावल खरीदते हैं तो उसमें हमेशा कुछ कीड़े होते हैं। और मध्याह्न भोजन का चावल लंबे समय तक भंडारित रहता है, इसलिए उसमें कीड़े निकलना अस्वाभाविक नहीं है। हम हमेशा चावल पकाने से पहले उसे धोते हैं। यदि कोई कीड़ा निकला तो रसोइये की गलती है, मेरी नहीं। नहीं, मैंने कीड़ों वाले चावल खाने को लेकर ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि यह सब झूठ है। इस बीच, अभिभावकों ने अधिकारियों से इन आरोपों की गहन जांच करने और रिपोर्ट किए गए मुद्दों के समाधान के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया है।

### इजरायल को खरी-खोटी ...

रहे थे कि तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिसके बाद सभा में अफरा-तफरी मच गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस सांसद का नाम हसन बिटमेज है। घटना बीते मंगलवार की है। वह ग्रैंड असेंबली को संबोधित कर रहे थे और कह रहे थे कि इजरायल ऊपर वाले की नाराजगी से कभी नहीं बच पाएगा। इसी बीच बोलते-बोलते वह अचानक जमीन पर गिर गए, जिसके बाद वहां मौजूद लोग तुरंत ही उनकी ओर भागे। फिर बाद में उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट दी गई। बताया जा रहा है कि सीपीआर देने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उनकी स्थिति थोड़ी बेहतर हुई, लेकिन जानकारी के मुताबिक उनकी स्थिति अभी गंभीर ही बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ज्यादातर देश इस युद्ध के रोकने के पक्ष में हैं। इसे लेकर गाजा सीजफायर प्रस्ताव भी पारित हो गया है, जिसके पक्ष में 150 से भी अधिक देशों में वोट किया है, जिसमें भारत का नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इजरायल और अमेरिका समेत कई देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया है यानी वो युद्ध रोकने के पक्ष में नहीं हैं।

### संसद पर आतंकी...

श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2001 में इसी दिन राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी, कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग में माली देशराज ने आतंकी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था। जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी और कमलेश कुमारी के नि:स्वार्थ बलिदान के सम्मान में उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से अलंकृत किया गया था। नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेंद्र सिंह और घनश्याम को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से अलंकृत किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पोस्ट में लिखा कि 22 साल पहले आज ही के दिन देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को मिटाने और हमारे लोकतंत्र के मंदिर को नुकसान पहुंचाने की आतंकियों की नापाक योजना को बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने नाकाम कर दिया था। नौ लोगों ने मातृभूमि के लिए इस दौरान अपनी जान कुर्बान कर दी। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। आज मानवता के समक्ष बने सबसे बड़े खतरे आतंकवाद को उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में खत्म करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराते हैं। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने एक्स पोस्ट में लिखा कि इस अवसर पर वे 2001 में हमारी संसद पर हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी सुरक्षाकर्मियों को याद करते हैं। भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा। आतंकवाद दुनिया भर में मानवता के लिए खतरा बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आज हम 2001 में संसद हमले में बलिदान हुए बहादुर सुरक्षाकर्मियों को याद करते हैं और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। खतरे के सामने उनका साहस और बलिदान हमारे देश की स्मृति में हमेशा अंकित रहेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लिखा कि संसद भवन परिसर में आतंकी हमले के दौरान लोकतंत्र के इस सर्वोच्च मंदिर की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों और संसदीय कर्मचारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता का जो उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किया, वह देशवासियों के लिए वंदनीय है।

### केंद्रीय विवि संशोधन ...

कि केंद्र सरकार राज्य में और पहले ही विश्वविद्यालय खोलने के लिए तैयार थी लेकिन तेलंगाना सरकार ने समय पर जमीन उपलब्ध नहीं कराई, इसलिए देरी हुई। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन किया गया है। तेलंगाना में खोले जाने वाले इस विश्वविद्यालय का नाम *सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय* रखा जाएगा। यह जनजातीय आबादी के लिए उच्च शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं के लिए स्थापित किया जा रहा है।

### अब और जटिल...

सर्वसम्मति से सही ठहराया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान के हवाले से कहा कि यह स्पष्ट है कि भारत की शीर्ष अदालत के गैरकानूनी फैसले से कश्मीर का मुद्दा सुलझने के बजाय और जटिल हो जाएगा। इमरान ने कहा कि उनकी पार्टी पीटीआइ कश्मीर के लोगों को राजनयिक, नैतिक और राजनीतिक समर्थन देती रहेगी। कहा कि कश्मीर मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों का सबसे बड़ा रोड़ा है। इमरान ने कहा कि जब 2019 में कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया गया तो उनकी सरकार ने इसका जोरदार विरोध किया था।

### हूती विद्रोहियों ने ...

के बाद अमेरिकी नौसेना का जहाज मौके पर पहुंचा गया और कॉमर्शियल जहाज पर मौजूद लोगों की मदद कर रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिस जहाज को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है। उसका इजरायल से कोई संबंध था या नहीं। दरअसल, इजराइल-हमास युद्ध के बीच ईरान समर्थित हूती विद्रोही संगठन अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को लगातार निशाना बना रहा है। हूती विद्रोही संगठन ने कहा कि वे इजराइल जाने वाले सभी जहाजों को उनकी राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना निशाना बनाएगा। हूती विद्रोही संगठन ने सभी अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों को इजरायली बंदरगाहों पर जाने को लेकर सख्त चेतावनी दी है।

### आकाश में गुरुवार...

के वेग से नीचे आते दिखेंगी। इसे देखने के लिए शहर की रोशनी या स्ट्रीट लाइट से काफी दूर के क्षेत्र में जाकर किसी छत या साफ मैदान पर लॉन कुर्सी या दरी पर लेट कर अथवा बैठकर पूर्वी आसमान से देखने की शुरुआत करें। अंधेरे मे लगभग 30 मिनट के बाद आपकी आंखें अनुकूल हो जाएंगी और आपको कुछ अंतराल पर उल्काएं दिखाई देने लगेंगी। यह बौछार रातभर चलेगी, इसलिए धैर्य रखें। इसे देखने के लिए अलग से कोई यंत्र की आवश्यक नहीं होती है। उन्होंने बताया कि जेमिनीड उल्का बौछार का नाम जेमिनी तारामंडल से लिया गया है, क्योंकि उल्का बौछार की मिथुन तारामंडल के सामने से ही होती दिखती है। जेमिनीड उल्कापात उल्कापिंड 3200 फैथान के कारण होता है। जब पृथ्वी इसके द्वारा छोड़े गए धूल से होकर गुजरती है तो धूल एवं चट्टान हमारे वायुमंडल के ऊपरी भाग के सम्पर्क में आकर जल जाती है जो हमें उल्का बौछार के रूप में दिखाई देती है। तो हो जाइए आकाशीय आतिशबाजी को देर रात तक देखने के लिए तैयार, गर्म कपड़े और कम्बल को साथ रखना न भूलें, क्योंकि इस समय रात में कड़ाके की ठंड भी रहेगी।

# आसू नेता समेत 300 से अधिक लोग भाजपा में शामिल : पीयूष




गुवाहाटी ( हिंस )। आसू के पूर्व नेता दिव्यज्योति मेधी सहित करीब तीन सौ समर्थक बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) में शामिल हो गए। मंत्री पीयूष हजारिका ने इन सभी का भाजपा में स्वागत किया और कहा कि वे सभी के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम राज्य के लिए काम करेंगे, हम देश के लिए काम करेंगे। आज हमारी टीम के लिए अच्छी खबर है, यह सभी को पता है। लेकिन, टीम के लिए अच्छी खबर यह है कि टीम ने अच्छा काम किया है। परिणाम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार या राज्यों में भी राज्य सरकारों के बहुत अच्छा प्रदर्शन करने के कारण हुए हैं। मंत्री ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, राजस्थान में भाजपा की सरकार नहीं थी, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार नहीं थी। कांग्रेस द्वारा वहां किए गए कुशासन के कारण कांग्रेस वहां हारी है और भाजपा जीती है। मंत्री ने कहा कि जब हम चुनाव जीतते हैं, तो लोगों के लिए और अधिक जिम्मेदारी से काम करने का प्रयास किया जाना चाहिए। तभी पार्टी आगे बढ़ेगी, प्रदेश या देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के कई अन्य नेता भाजपा में शामिल होने के इच्छुक हैं। यह बताते हुए कि यह सूची काफी लंबी है, यह कहा जाता है कि सूची समय पर प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार हैं, जो देश के प्रति जवाबदेह हैं, वे चरणबद्ध तरीके से पार्टी में शामिल होंगे। मंत्री ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह टिकट देने के नाम पर उम्मीदवारों से लाखों रुपए वसूलकर भ्रष्टाचार में लिप्त है। 200 उम्मीदवारों से टिकट देने के नाम पर 2 करोड़ रुपए वसूले, यह उनके सीधे घोटालों में से एक है।

## गुवाहाटी जेल से पैरोल पर जाने के बाद कैदी लापता

गुवाहाटी ( हिंस )। गुवाहाटी जेल से पैरोल पर जाने के बाद कैदी के लापता हो जाने को लेकर गुवाहाटी केंद्रीय कारागार प्रशासन सकते में है। मनद्वीप राभा नामक हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी एक महीने के पेरोल पर घर गया था। मनदीप अपने घर बोको से फरार हो गया। पुलिस फरार कैदी का भी पता नहीं लगा पाई है।

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी ( हिंस )। असम एसटीएफ की टीम ने भारी मात्रा में गांजा समेत दो तस्कर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर कपिल पाठक के नेतृत्व में एसटीएफ, असम की एक टीम ने गणेशपाड़ा के चंपक नगर में अभियान चालक एक महिला समेत दो.गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। नैना गौर के आवास पर अभियान चलाकर नीटू पाठक और नैना गौर को भारी मात्रा में गांजा समेत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास 11.280 किलोग्राम गांजा, ड्रग्स सेवन के लिए व्यवहार की जाने वाली पेपर के अलावा 6 मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

## राज्यपाल ने किया मिजोरम विधानसभा सत्र को संबोधित

आइजोल ( हिंस )। मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभामपति ने आज नवगठित मिजोरम विधानसभा के पहले सत्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने नई सरकार के आगामी कार्यक्रमों तथा पुराने नियमों में बदलाव संबंधी कार्यक्रमों की चर्चा की। अभी हाल ही में संपन्न हुए मिजोरम विधानसभा चुनाव में बढ़-कर कर हिस्सा लेने के लिए राज्यपाल ने मिजोरम की जनता का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा कि मिजोरम की जनता ने 80.43 प्रतिशत मतदान करके यह साबित कर दिया कि मिजोरम के लोगों का चुनाव के प्रति कितना उत्साह है। उन्होंने विधानसभा के सभी निर्वाचित सदस्यों तथा विधानसभा में पहली बार चुनकर आए 23 सदस्यों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से तीन महिला विधायकों का चुना जाना मिजोरम विधानसभा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि मिजोरम में महिलाओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का निश्चित रूप से राज्य भर की महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए राज्यपाल ने अधिकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों को धन्यवाद दिया। राज्यपाल ने नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठनों, चर्चों और मिजोरम पीपुल्स फोरम के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने सात प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख किया, जिनपर प्रशासन अगले पांच वर्षों में फोकस करेगा। उन्होंने कहा कि सुशासन और जवाबदेही के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित जिम्मेदार और उत्तरदायी प्रशासन सभी क्षेत्रों में स्थिर और सतत विकास को सुनिश्चित करता है। उन्हीं सिद्धांतों पर सरकार चलेगी। उद्योग को समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करना, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक समानता तक पहुंच, युवा कल्याण और विकास, पर्यावरण की सुरक्षा, दीर्घकालिक विकासात्मक परियोजनाएं आदि पर सरकार कार्य करेगी, जिनके परिवर्तनकारी परिणाम निकलेंगे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, कई घायल




मोरीगांव ( असम ) ( हिंस )। मोरीगांव जिले के धरमतेर इलाके में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की वजह से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार को धरमतुल इलाके में साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में एक ट्रैवलर बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसकी वजह से साइकिल सवार राजू दास की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस में सवार का यात्री घायल हो गए। सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम व्यक्ति का शव ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिक की दर्ज का मामले की जांच कर रही है।

## ट्रक से 30 मवेशी बरामद, दो गिरफ्तार

गुवाहाटी ( हिंस )। जोराबाट पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान चलाकर 30 मवेशियों से लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने श बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आउट पोस्ट इलाके के जोराबाट के लिंक रोड पर चलाए गए अभियान के दौरान एक ट्रक (एएस-01क्यूसी-6216) को जब्त किया गया। जब्त किए वाहन में अवैध तरीके से 30 मशियों को सिलापथार से मेघालय होते हुए बांग्लादेश के पशु बाजार तक तस्करी की जा रही थी। इस मामले में ट्रक के चालक मफिजूल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने एक कार (एएस-02जेड-9331) समेत पशु तस्कर अलामिन हक को गिरफ्तार किया। बरामद की गई सभी पशुओं को बड़े ही क्रूर तरीके से लाया जा रहा था। ज्ञात हो कि राज्य में सख्त पशु कानून लागू है, इसके बावजूद पशुओं की तस्करी जारी है। पुलिस इस संबंध में पशु तस्करी अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## राज्यपाल ने एपीपीएससी के दो सदस्यों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

इटानगर ( हिंस )। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने आज राजभवन के दरबार हाल में अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) के नवनियुक्त दो सदस्यों को *पद एवं गोपनीयता की शपथ,* दिलाई। कर्नल कोज तारी (सेवानिवृत्त) और रोजी ताबा ने एपीपीएससी के सदस्यों के रूप में शपथ ली। समारोह का संचालन मुख्य सचिव आईएएस धर्मेन्द्र ने किया। राज्य की प्रथम महिला अनघा परनायक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू, कैबिनेट मंत्री और विशिष्ट अतिथि अन्य अधिकारियों और सार्वजनिक पदाधिकारी समारोह में शामिल हुए।

## 67वीं अखिल भारतीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न




गुवाहाटी ( हिंस )। नार्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनएफआरएसए) द्वारा आयोजित 67वीं अखिल भारतीय रेलवे वॉलीबॉल चैंपियनशिप, 2023-24 का समापन हो गया। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सव्यसाची डे ने आज बताया कि यह चैंपियनशिप 7 दिसंबर को शुरू हुआ था। समापन समारोह में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार एवं ट्राफियां प्रदान कीं। इस टूर्नामेंट में, भारतीय रेल के अधीन पूरे देश भर के विभिन्न जोनों तथा पीएसयू के कुल 20 टीमों से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए भारतीय रेल के विभिन्न जोनों से कुल 22 मैच अधिकारी भी मौजूद थे। सेमीफाइनल में, दक्षिण पश्चिम रेलवे ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री को और उत्तर रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल में, उत्तर रेलवे को 3-1 से हराकर दक्षिण पश्चिम रेलवे चैंपियन बना। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अशवाल राय एवं लिब्रो और उत्तर रेलवे के रोहित कुमार ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इसके अलावा, जूनियर विश्व वॉलीबॉल चैम्पियनशिप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप, 2022 में भाग ले चुके उत्तर रेलवे के समीर ने दक्षिण रेलवे के अर्जुन पुरस्कार विजेता कपिल देव के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद



इंफाल ( हिंस )। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, थौबल, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर और टेंगनोपाल जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान बिष्णुपुर जिले से मैगजीन के साथ एक एम16 राइफल, 10 एम16 गोला-बारूद (556 मिमी), तीन एचई-36 हैंड ग्रेनेड, एक 51 एमएम स्मोक बम शेल और एक बीपी जैकेट के साथ दो फाइबर प्लेटें बरामद की गईं। वहीं, एक मैगजीन के साथ 762 एमएम एसएलआर राइफल, एक आंसू गैस गन, एक मैगजीन के साथ 9 एमएम पिस्तौल, एक देसी रिवॉल्वर पिस्टल, 30 आंसू गैस के गोले (रबर की गोलियां), आठ देसी पंपी गन, तीन एसबीबीएल गन, एक किलोग्राम बारूद, एक किलोग्राम आयरन रॉड गोला-बारूद और 23 स्थानीय बम चुराचंदपुर जिले से बरामद किए गए। इनके अलावा टेंगनोपाल जिले से दो विभिन्न प्रकार के तारों के साथ 45 हस्तनिमत आईईडी बरामद किए गए।

## बदली गई प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष



गुवाहाटी ( हिंस )। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंगुरलता डेका को बदल दिया गया है। पार्टी अध्यक्ष भवेश कलिता ने एक आदेश के जरिए महिला मोर्चा की अध्यक्षा अंगुरलता डेका को पदमुक्त कर स्वप्ना बनिया को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके विपरीत अंगुरलता डेका को प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। अंगुरलता डेका ने हालांकि, उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का हवाला देते हुए फेसबुक अकाउंट के जरिए पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त करने के लिए भवेश कलिता को धन्यवाद दिया है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि मेरी बेटी नमामि अब स्कूली शिक्षा के शुरुआती चरण में है और इस दौरान हर मां की घरेलू तौर पर व्यस्तता रहती है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपनी कठिनाइयों से अवगत कराया और पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्ति मांगी, ताकि नमामि को तबतक पूरा समय दे सकूं जबतक वह थोड़ी बड़ी न हो जाए और समझ न जाए। मेरी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मुझे पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त करने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का शुक्रगुजार हूं। अपने पत्र में अंगूरलता ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा तथा प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता को धन्यवाद दिया है।

## अवैध लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार



कोकराझा ( विभास )। छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रानीघुली के कमांडिंग अधिकारी के मार्गदर्शन व संजीव कुमार, उप कमांडेंट के नेतृत्व में आज सीमा चौकी दादगिरी अंतर्राष्ट्रीय भारत भूटान सीमा स्तभ 169/5 से अवैध लकड़ी समेत तीन लोगों को गिरप्तार किए गए। मिली जानकारी के अनुसार यह गिरफ्तार तब की गई, जब अचानक चेकिंग के दौरान लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को संदेहात्मक रूप ले जाया जा रहा था। तभी ट्राली में सवार तीन लोगों समेत वाहन को जब्त कर अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि चेकिंग के दौरान अवैध रूप से ले जा रह लकड़ी की कोई दस्तावेज नहीं मिली। जिसके चहत इन तीनों को गिरप्तार कर वन विभाग के हवारे कर दिया गया है।

## वन विभाग ने नगरबेड़ा के जमलाई में अवैध रूप से बालू लदी ट्रॉली की जब्त



नगरबेड़ा ( विभास )। वन विभाग ने कामरूप जिले में नगरबेड़ा नदी रिजर्व वन अधिकारी के कार्यालय के तहत नगरबेड़ा के जामलाई में एक अभियान चलाया और अवैध लाल रेत से भरे एक ट्रैक्टर को जब्त करने में कामयाबी हासिल की। यह पता चला है कि नगरबेरा नदी रिजर्व वन अधिकारी, शिबाशीष शांडिल्य के नेतृत्व में कार्यालय के वन कर्मियों का एक समूह ने टहल कर रहा था, जब वन कर्मियों के एक समूह ने जामलाई पुल के नीचे रेत खोदी और एएस 25एफसी को ट्रैक्टर संख्या 0143 पर उठाते हुए देखा। वन कर्मियों की एक टीम ने बाद में अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और इसे नगरबेड़ा नदी रिजर्व वन अधिकारी के कार्यालय में लाया गया। ज्ञात हो कि वन रक्षकों की टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही बालू खनन में शामिल लोग ट्रैक्टर को रोककर मौके से फरार हो गए. वन विभाग के इस तरह के अभियान को प्रकृति प्रेमी लोगों ने काफी सराहा है।

## कालाइरदीया छात्रसंघ के स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियां जोर पर

नगरबेड़ा ( विभास )। बरपेटा जिले के बाघबर निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले कलई दिया छात्र संघ के 50 साल पूरे होने पर छात्र संघ के पदाधिकारियों ने संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। स्वर्ण जयंती की तैयारियां पहले से ही जोरों पर हैं। तमाम अटकलों के अंत में कालाईरदीया के छात्र संघ का स्वर्ण जयंती समारोह 26, 27 और 28 जनवरी, 2024 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि उक्त छात्रसंघ के स्वर्ण जयंती समारोह के क्रम में छात्रसंघ ने भी संस्मरण प्रकाशन की पूरी तैयारी कर ली है। स्मृति पुस्तिका निकालने के लिए कल रात छात्रसंघ के अस्थायी कार्यालय परिसर में छात्रसंघ अध्यक्ष नजरुल इस्लाम की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में छात्रसंघ के महासचिव रहम अली ने बैठक का उद्देश्य बताया। बैठक में फखरुद्दीन अली अहमद उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अल्हाज रफीजुल हक अध्यक्ष, बिलाल हुसैन, अंशेर अली अहमद उपाध्यक्ष हैं, पत्रकार अलाउद्दीन अहमद और आयनल हक संपादक, पत्रकार रबिउल हुसैन और इंजमामुल हक को सर्वसम्मति से सहायक सचिव, चिकित्सक डॉ. मोहम्मद अली, सेवानिवृत्त शिक्षक कसिम उद्दीन अहमद, ताजिम उद्दीन अहमद, रफीजुल हक मंडल, तस्लीम उद्दीन अहमद और आजाद हुसैन को सलाहकार चुना गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व आम सभा के माध्यम से बक्कर हुसैन को अध्यक्ष, बिलाल हुसैन अंशेर अली अहमद को उपाध्यक्ष और नूर मोहम्मद अली को सचिव चुनकर स्वर्ण जयंती को सुचारू रूप से मनाने के लिए एक सशक्त स्वागत समिति का भी गठन किया जा चुका है। उद्योगतायों ने संवाददाताओं से कहा कि स्वर्ण जयंती के हर दिन के कार्यक्रम में प्रभावशाली राजनीतिक नेता, प्रख्यात पत्रकार और बुद्धिजीवी मौजूद रहेंगे। उत्सव समिति स्वर्ण जयंती के प्रत्येक आयोजन में लोगों के सहयोग और उपस्थिति की हार्दिक कामना की है।

## भारत का सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू किया

गुवाहाटी। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) भारत का सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू करके उन्नत कैंसर उपचार की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है, जिससे कैंसर देखभाल को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। इस अग्रणी पहल का उद्देश्य स्तन कैंसर का त्वरित और सटीक निदान प्रदान करना, बेहतर जीवित रहने की दर के लिए सही उपचार प्रदान करने में शीघ्र पता लगाने के महत्व को मजबूत करना और रोगियों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। यह अभूतपूर्व पहल स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के भविष्य की एक आशाजनक झलक पेश करती है। अक्तूबर में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अनुरूप अपोलो कैंसर सेंटर महिलाओं में स्तन कैंसर के समय पर निदान के लिए इस कार्यक्रम को समर्पित कर रहा है। स्तन कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है, और समय पर निदान प्रभावी हस्तक्षेप की आधारशिला है। स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती पहचान सर्वोपरि है और अपोलो कैंसर सेंटर ने शुरुआती चरण में निदान किए गए स्तन कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। भारत का सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम समय पर और सटीक निदान सुनिश्चित करने, परिणामों के लिए लंबे समय तक इंतजार करने के तनाव को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। जब स्तन कैंसर प्रबंधन की बात आती है तो अपोलो कैंसर सेंटर सबसे जल्दी सबसे आसान कहावत पर दृढ़ता से विश्वास करता है। इस कार्यक्रम में स्तन स्वास्थ्य का तुरंत और सटीक आकलन करने के लिए मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सहित उन्नत नैदानिक तकनीकें शामिल हैं। मरीज 24 घंटों के भीतर परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं, जो कार्यक्रम की दक्षता का प्रमाण है। यह स्तन कैंसर की जांच या निदान सेवाएं चाहने वाले व्यक्तियों के लिए खुला है, बशर्ते वे आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हों। इसके प्राथमिक लाभों में तेजी से परिणाम, रोगी की चिंता कम करना और स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना शामिल है-ऐसी प्रगति जो उपचार के परिणामों में काफी सुधार करती है। भारत का सबसे तेज और सबसे सटीक स्तन कैंसर निदान कार्यक्रम शुरू करकेअपोलो कैंसर केंद्र महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## संपादकीया

# 370 हटाना संवैधानिक

**सर्वोच्च** अदालत की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की संवैधानिकता पर मुहर लगा दी। संविधान पीठ ने इस संदर्भ में राष्ट्रपति के आदेश, मोदी सरकार के फैसले और संसद के दो-तिहाई बहुमत के निर्णय को वैध करार दिया है। अदालत ने स्थापित किया है कि अनुच्छेद 370 कभी भी संविधान का स्थायी प्रावधान नहीं था। वह अस्थायी व्यवस्था थी, क्योंकि उस समय युद्ध के हालात थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह की उद्घोषणा और भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर की कोई संप्रभुता नहीं रही। अनुच्छेद 370 के तहत कोई आंतरिक संप्रभुता भी नहीं थी। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया था। यह संविधान के अनुच्छेद एक से भी स्पष्ट है। अनुच्छेद 370 ने कश्मीर को एक अलग संविधान, अलग ध्वज और आंतरिक प्रशासनिक स्वायत्तता रखने का अधिकार दिया था, जबकि यह राज्य 1952 से 31 अक्तूबर, 2019 तक एक राज्य के रूप में भारत और उसके संविधान द्वारा ही शासित था। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में संविधान पीठ ने एकमत से अनुच्छेद 370 पर ऐतिहासिक फैसला सुनाकर सभी 23 याचिकाओं, कुतर्कों, भ्रांतियों और संविधान सभा की गलत व्याख्याओं को खारिज कर दिया। हालांकि तीन अलग-अलग फैसलों में विचार भी भिन्न थे, लेकिन अनुच्छेद 370 पर पांचों न्यायाधीश एकमत थे। अब कश्मीर पर हर भारतीय का संवैधानिक हक है। 5 अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति के जिस आदेश पर संसद में बहस हुई और अंततः अनुच्छेद 370 के अस्तित्व को समाप्त किया गया, उसके परिप्रेक्ष्य में संविधान पीठ ने साफ कहा है कि राष्ट्रपति को राज्य की संविधान सभा की गैर-मौजूदगी में भी इसे रद्द करने का अधिकार था। संविधान सभा राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं थी। राष्ट्रपति ने किसी भी दुर्भावना के तहत अपनी शक्ति का उपयोग नहीं किया। संविधान पीठ राष्ट्रपति के निर्णय के खिलाफ किसी भी अपील की सुनवाई नहीं कर सकती। सारांश यह है कि अब जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में अनुच्छेद 370 और विशेष दर्जे का कोई अस्तित्व नहीं है। वह भी देश के अन्य राज्यों की तरह, भारत के संविधान, संसद और सरकार द्वारा, शासित और संचालित है। केंद्र सरकार यथाशीघ्र कश्मीर का राज्यत्व बहाल करेगी। चुनाव आयोग 30 सितंबर, 2024 तक वहां चुनाव कराए। जम्मू-कश्मीर के हर नागरिक पर भारतीय कानून लागू होंगे। साथ ही, हर भारतीय को कश्मीर में वे सभी अधिकार मिलेंगे, जो शेष देश में मिलते रहे हैं। बेशक संवैधानिक तौर पर अनुच्छेद 370 का मामला अब इतिहास के पन्नों में समा गया है, लेकिन अब भी कुछ राजनीतिक दल और चेहरे इसे 'काला दिन', निराशाजनक अध्याय और गलत फैसला करार दे रहे हैं। उन्होंने अपनी लड़ाई जारी रखने के ऐलान भी किए हैं। आखिर किसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है? संविधान पीठ का फैसला अंतिम संवैधानिक फैसला है। संसद अपने फैसले पर 2019 में ही मुहर लगा चुकी है। लोकतंत्र में और क्या विकल्प संभव हैं? यह 'सियासी कुंठा' के अलावा कुछ भी नहीं है। पुनर्विचार याचिकाओं का हश्र भी यही होना है। बहरहाल इस ऐतिहासिक फैसले के बाद टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी थाली बजाते, नाचते-गाते, मिष्ठान्न खिलाते जश्न के मूड में दिखाई दिए। 'ऐतिहासिक लाल चौक' का बाजार भी पूरी तरह खुला है। तथ्य संसद में पेश किए गए हैं कि कश्मीर में 200 से ज्यादा विदेशी निवेशकों को जमीनें दी गई हैं। अर्थव्यवस्था चार गुनी हो गई है। गरीबों के लिए 5 साल में 1.45 लाख घर बन चुके हैं। नई विधानसभा में कुछ आरक्षण तय हुआ है।

अनुच्छेद 370 ने कश्मीर को एक अलग संविधान, अलग ध्वज और आंतरिक प्रशासनिक स्वायत्तता रखने का अधिकार दिया था, जबकि यह राज्य 1952 से 31 अक्तूबर, 2019 तक एक राज्य के रूप में भारत और उसके संविधान द्वारा ही शासित था। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में संविधान पीठ ने एकमत से अनुच्छेद 370 पर ऐतिहासिक फैसला सुनाकर सभी 23 याचिकाओं, कुतर्कों, भ्रांतियों और संविधान सभा की गलत व्याख्याओं को खारिज कर दिया। हालांकि तीन अलग-अलग फैसलों में विचार भी भिन्न थे, लेकिन अनुच्छेद 370 पर पांचों न्यायाधीश एकमत थे। अब कश्मीर पर हर भारतीय का संवैधानिक हक है। 5 अगस्त, 2019 को राष्ट्रपति के जिस आदेश पर संसद में बहस हुई और अंतत: अनुच्छेद 370 के अस्तित्व को समाप्त किया गया, उसके परिप्रेक्ष्य में संविधान पीठ ने साफ कहा है कि राष्ट्रपति को राज्य की संविधान सभा की गैर-मौजूदगी में भी इसे रद्द करने का अधिकार था। संविधान सभा राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं थी। राष्ट्रपति ने किसी भी दुर्भावना के तहत अपनी शक्ति का उपयोग नहीं किया। संविधान पीठ राष्ट्रपति के निर्णय के खिलाफ किसी भी अपील की सुनवाई नहीं कर सकती। सारांश यह है कि अब जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में अनुच्छेद 370 और विशेष दर्जे का कोई अस्तित्व नहीं है। वह भी देश के अन्य राज्यों की तरह, भारत के संविधान, संसद और सरकार द्वारा, शासित और संचालित है।

### अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा

# पाकिस्तान को 370 पर क्यों लगी सबसे ज्यादा मिर्ची?

मुकुंद

अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है।

**बात** भारत की है। भारत के आंतरिक मामले की है। मगर सबसे ज्यादा मिर्ची पाकिस्तान को लगी है। साफ है अच्छे पड़ोसी का धर्म पाकिस्तान कभी निभा नहीं सकता। अनुच्छेद 370 पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आतंकवाद को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान ने जहर उगला है। उसकी बौखलाहट से साबित होता है कि उसकी नजर जम्मू-कश्मीर पर लगी हुई है। मगर उसे अब यह ध्यान रखना होगा यह नेहरू, इंदिरा, राजीव और मनमोहन सिंह वाला भारत नहीं है। यह नया भारत है। यह नया भारत राष्ट्रवादी नेता नरेन्द्र मोदी का है। यह भारत आंख तरेरने वाले के शरीर को मरोड़ने की ताकत रखता है। आखिर कौन होता है पाकिस्तान, जो यह कहे कि भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी महत्व नहीं है। उसे यह कहने का कतई हक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय कानून भारत की 5 अगस्त, 2019 की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों को मान्यता नहीं देता है। बोलने की सबको आजादी है। सो पाकिस्तान को जो बोलना हो बोले। उसे दुनिया गंभीरता से नहीं लेती है। डंके की चोट पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखा है, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। यह फैसला आते ही पाकिस्तान का कार्यवाहक विदेशमंत्री जलील अब्बास जिलानी प्रेस कॉन्फ्रेंस करता है। वह कहता है, 'कश्मीरियों को संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों के अनुसार आत्मनिर्णय का अधिकार है। भारत को कश्मीरी लोगों और पाकिस्तान की इच्छा के खिलाफ इस विवादित क्षेत्र की स्थिति पर एकतरफा निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है।' जिलानी ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विवाद सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे में बना हुआ है। पाकिस्तान की इस टिप्पणी का कोई मायने नहीं है। वह जम्मू-कश्मीर का राग अलापता ही रहता है। जिलानी




कान खोल कर सुन लो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। वह भारत का है। भारत का रहेगा। तुम देखते जाओ, आगे होता है और क्या-क्या। जिलानी ने इस संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा कि पाकिस्तान इस फैसले के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शांति कायम रखना चाहेगा। जिलानी याद रखो, तुम्हारी इस बात पर कोई भरोसा नहीं कर सकता। न ही किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी शराफत दिखा दी है। कहा है कि भारत की शीर्ष अदालत ने पक्षपातपूर्ण निर्णय सुनाया है। इन टिप्पणियों से लगता कि इस फैसले से समूचा पाकिस्तान बिलबिला गया है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पालन नहीं करता है। भारत के आंतरिक मामलों पर बेसिरपैर की बात करना पाकिस्तान के नेताओं के लिए नई बात नहीं है। मुल्क को आतंकवाद और आर्थिक संकट की भट्ठी पर झोंकने वाले यह नेता भूल रहे हैं कि झूठी तकरीरों से जनता का पेट नहीं भरता। उसके लिए ईमानदार शासन चाहिए होता है। यह दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में सच्चा लोकतंत्र कभी नहीं रहा। वह फौजी हुकूमत का आदी है। बकवास कर रहे पाकिस्तान के हुक्मरानों अब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दहाड़ सुन लो। उन्होंने कहा है कि भारत के सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। यह सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह उम्मीद की किरण और एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। यह फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा का प्रतीक है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने और जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस सूर्यकांत की ओर से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। राष्ट्रपति के पास इसे रद्द करने की शक्ति है। शीर्ष अदालत ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को अलग करने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखा है। केंद्र सरकार ने इसी दिन अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था। इस फैसले पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सही कहा है कि सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को बरकरार रखने का उच्चतम न्यायालय का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। मेहता ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 से पहले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया में इकलौते वकील के रूप में शामिल और उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष दलीलें रखने के कारण यह उनके लिए भी ऐतिहासिक पल है। पाकिस्तान के नेताओं यह भी सुन लो उन्होंने यह भी कहा है कि यह केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और हमारे गृहमंत्री अमित शाह का दृढ़ संकल्प और शानदार रणनीति है जिसने इस ऐतिहासिक फैसले को संभव बनाया। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। तुषार मेहता ने कहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि सरदार वल्लभभाई पटेल की आत्मा को आज संतुष्टि मिली होगी, क्योंकि जिस प्रावधान को वह भारत के संविधान में शामिल किए जाने से रोक नहीं सके थे, वह आखिरकार हटा दिया गया है। वह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को आशीर्वाद दे रहे होंगे। पाकिस्तान की सत्ता के सौदागरों बार-बार पढ़ लो भारत के प्रधानमंत्री मोदी और तुषार मेहता की टिप्पणी को। मेहता ने जिन सरदार वल्लभभाई पटेल का जिक्र किया है, उनके बारे में न जानते हो तो, जान लो। एक वाकया से समझ लो। वह है-3 जनवरी, 1948 का। भारत का विभाजन हुए छह महीने होने को थे। कश्मीर में कबायली आक्रमण जारी था। पाकिस्तान की शह पर जारी हमले से सरदार पटेल क्षुब्ध थे। इस बंटवारे से बंगाल भी क्षुब्ध था। तब कलकत्ता में इसी रोज लोगों ने एक सभा रखी। सरदार पटेल इस सभा में खुलकर बोले। इतना बोले कि उसकी तासीर देर तक देश को महसूस हुई। भारत में तब भी एक तबका ऐसा था, जिसे लगता था कि भारत और पाकिस्तान का बंटवारा बनावटी है। एक दिन ऐसा जरूर आएगा, जब दोनों देश एक हो जाएंगे। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने तो भारत-पाकिस्तान महासंघ तक का सुझाव दिया था। मगर सरदार पटेल ने भारत-पाकिस्तान एकता के प्रस्ताव को दो-टूक शब्दों में खारिज कर दिया था। पटेल ने कहा था, 'आपने पाकिस्तान बनाया, बहुत ठीक है। आपको मुबारक हो, लेकिन भारत-पाकिस्तान एक नहीं हो सकते।' सरदार पटेल ने कहा था कि पाकिस्तान खुली यानी आमने-सामने की लड़ाई नहीं कर रहा। वह अपने आदमी, हथियार और रास्ता कश्मीर पर हमले के लिए दे रहा है।

## दृष्टि कोण

# पराली जलाना गंभीर पर्यावरण समस्या

**सर्दियों** में पूरे उत्तर भारत में विभिन्न कारणों के चलते वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो गया है। धान की फसल की कटाई के बाद खेतों को रबी की फसल की बुवाई हेतु जल्दी खाली करने के लिए उत्तर भारत के कुछ किसान फसल के अवशेष अर्थात पराली को जलाते हैं। इससे पूरे क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर उच्च हो जाता है। यह स्थिति दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में काफी गंभीर रूप धारण कर लेती है। सर्दियों में होने वाले इस प्रदूषण से बचने हेतु सरकारें (केन्द्र एवं संबंधित राज्य) हर साल कई कदम उठाते हैं। देवभूमि जैसे पहाड़ी राज्य भी इसके शिकार हो रहे हैं। सर्दियों में उत्तर भारत में प्रदूषित वायु के बादल (स्मॉग या धुएं) छा जाने के अनेक कारण हैं। आइए, इनको समझें। सबसे पहले, खरीफ सीजन की फसलों (मुख्यतः धान) को यदि किसान हाथों से काटेगा और फसल अवशेष को पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित तरीके से निपटान करेगा तो उसे इस कार्य में न सिर्फ ज्यादा वक्त लगेगा, बल्कि श्रम लागत भी अधिक हो जाती है। इससे



कृषि का लागत मूल्य काफी उच्च हो जाता है और किसान को घाटा होता है। अतः इस स्थिति से बचने के लिए और रबी की फसल की सही समय पर बुवाई हेतु किसान अपनी फसल के अवशेष (पराली) को जलाना उचित समझता है। कुछ ऐसा भ्रम भी फैला हुआ है कि फसल के अवशेष को जलाने के बाद व्युत्पन्न हुई राख मृदा की उर्वरता को बढ़ाती है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में फसल प्रतिरूप वहां की जलवायु के मुताबिक नहीं है। विद्युत पर किसानों को सब्सिडी देने पर बोरवेल (नलकूप) के माध्यम से जमकर भूमिगत जल का दोहन होता है। पराली जलाने वाले राज्यों में एक तो मजदूरी महंगी है और दूसरी तरफ धान की कटाई के वक्त पर्याप्त संख्या में मजदूर भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से पंजाब, हरियाणा आदि में बड़ी संख्या में मजदूर आते थे, परंतु अब स्थानीय स्तर पर अपने राज्यों में ही मनरेगा के माध्यम से मजदूरी मिलने के चलते कम संख्या में मजदूर पलायन करते हैं। सर्दियों में दिल्ली एनसीआर की तरफ उत्तरी राज्यों से हवाएं आती हैं। ये हवाएं अनेक प्रकार से पराली आदि से उत्पन्न हुए प्रदूषण को लाती हैं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रदूषण के साथ-साथ नमी भी लाती हैं। अतः प्रदूषण और नमी मिलकर एक भयंकर स्मॉग के बादल का निर्माण करते हैं। पराली या अन्य फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता नष्ट होती है। उसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है। इस कारण अगली फसल में उच्च उत्पादकता हेतु किसान और ज्यादा मात्रा में रासायनिक खादों का प्रयोग करता है। इससे देश पर खाद सब्सिडी का बोझ बढने के साथ-साथ किसानों की कृषि लागत भी बढ़ जाती है। चूंकि रासायनिक खाद का भारत बड़ी मात्रा में आयात करता है तो इससे भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है और देश के विदेशी भण्डार में कमी आती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान इसी तरह पराली को जलाते रहे और उसकी भरपायी हेतु अधिक रासायनिक खाद का प्रयोग करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब समूचे क्षेत्र की भूमि बंजर हो जाएगी। इस प्रक्रिया में अनियंत्रित रूप से भूमिगत जल का दोहन भी भूमिका निभाएगा। इस प्रकार स्पष्ट है कि पराली को जलाना एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या को उत्पन्न करने की ओर अग्रसर है। पराली में आग लगाने से जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचता है। पौधों के अवशेषों में कई प्रकार के जीव उपस्थित होते हैं जिनकी आग के कारण असामयिक मृत्यु हो जाती है, जो पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

## कुछ अलग

# अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचारी होने के खतरे

**उनको** जब भी मौका मिलता है, वे सारे घर के काम छोड़ कुछ न कुछ समाज विरोधी बना अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने में मग्न से लेकर निमग्न तक हो जाते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने समाज विरोधी अंधविश्वास का टीका बनाने की कुचेष्टा की थी। पर उस वक्त अंधविश्वास वालों के आगे उनका टीका दो मिनट भी नहीं टिक पाया था और वे एक समाज विरोधी घृणित कार्य करने से अंधविश्वासियों द्वारा बचा लिए गए थे। जिनको डूबना ही हो वे रेत में भी डूब जाया करते हैं। कुएं या तालाब के पास जाने की उनको कतई जरूरत नहीं होती। अबके उन्होंने फिर समाज की लोक लाज की परवाह किए बिना समाज से चोरी छिपे भ्रष्टाचार की वैक्सीन बना समाज विरोधी घृणित कार्य कर डाला। जब उनकी वैक्सीन बनकर तैयार हो गई तो उनका अपनी वैक्सीन पर अंधविश्वास देखने लायक था। अपने अंधविश्वास पर अति का विश्वास करते उन्होंने पागलपन के दौरे में मुझे अपनी इस वैक्सीन के बारे में बताया तो मेरे पैरों तले से जमीन सरक गई। तय था, बंधु को अबके फिर जूते खाने से कोई नहीं रोक सकता। वैसे इस वैक्सीन को जनहित में अपनी प्रजा को लगाने का सरकार रिस्क तो लेगी नहीं, पर जो गलती से अगर ये वैक्सीन कुछ देकर समाज में लग गई या भ्रष्टाचार प्रियों ने इसे विरोधी खेमें के भ्रष्टाचार प्रियों को लगाने की परमिशन दे दी तो भ्रष्टाचार के बूते स्वर्ग की बुकिंग करवाने वालों का क्या होगा? यह सोचकर ही मेरा दम घुटने लगा। लगा, मेरी ही नहीं, ज्यों सारे ब्रह्मांड की ऑक्सीजन खत्म गई हो। अपनी भ्रष्टाचार की वैक्सीन का ट्रायल करने के लिए उन्होंने स्वस्थ भ्रष्टाचारियों पर अब तक हुए सारे सर्वे टटोल डाले, पर उनको देश में एक भी स्वस्थ भ्रष्टाचारी जीव उसके ट्रायल के लिए न मिल पाया। अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त दिल खोलकर यूज किए जाते रहे हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मन मसोस मौन यूज भी होते रहे हैं। सो थक-हार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार भ्रष्टाचार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने पूरी ईमानदारी, सत्य निष्ठा से भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर, उसे छुआ भी नहीं है। 'और बंधु क्या कर रहे हो?' 'कुछ नहीं। बस, यों ही...।' 'ट्रायल के घोर आपातकाल में तुम्हारी जरूरत आन पड़ी है। और तुम तो जानते ही हो कि आड़े वक्त में शरीफ मित्र ही यूज किए जा सकते हैं।' वैसे मैं शरीफ तो हूं, पर इतना भी शरीफ नहीं! क्योंकि मैं रोटी को रोटी बोल लेता हूं। इसलिए उन जैसे दोस्तों के मुंह अपनी ओर खुलते ही बहुधा उनके स्वार्थी इरादे भांप जाता हूं। पर जब उन्होंने हाथ पांव जोड़ निवेदन नहीं, आत्म निवेदन किया तो मेरे पैरों तले से बची जमीन सरकने लगी। ले बच्चे, आज फंसा बड़े अंतराल बाद अकाल दोस्त के चक्कर में। वैसे वह दोस्त ही क्या जो वक्त आने पर बेझिझके अपने दोस्त को नींबू की तरह निचोड़ कर न रख दे। 'कहो मित्र! दोस्तों से बदतमीजी के इस संक्रमण काल में क्या जरूरत आन पड़ी है मेरी।' 'मैंने भ्रष्टाचार की वैक्सीन ईजाद की है।' 'बधाई हो! लाख रोकने के बाद भी आखिर तुम एक बार फिर समाज विरोधी कुकृत्य कर ही गए। डियर! मैंने तुम्हें कितनी बार कहा कि समाज में कुछ भी ईजाद किया करो, पर समाज विरोधी कुछ भी ईजाद मत किया करो। पता है तुम्हारे इस आविष्कार से समाज का कितना नुकसान होगा।' 'देखो! अब जो बन गया, सो बन गया।

## देश दुनीया से

# साहसिक पर्यटन से समावेशी विकास



प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों के लिए एक रणनीतिक रोडमैप के साथ अमृत काल के दौरान पर्यटन को विकसित करने के लिए एक मिशन मोड दृष्टिकोण की कल्पना की है। इसका उद्देश्य 2047 में भारत/100 मनाते समय तक भारत को विश्व स्तर पर सबसे अग्रणी यात्रा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है जिससे दुनिया भर के आगंतुकों के लिए अद्वितीय अपील पैदा होगी। पर्यटन उद्योग न केवल विकास को चलाता है, बल्कि व्यापक पैमाने पर विभिन्न प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का उत्पादन करके लोगों के जीवन को भी बढ़ाता है।

**भारत** की जी-20 अध्यक्षता और आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के प्रकाश में, पर्यटन मंत्रालय ने इनबाउंड यात्रा को बढ़ावा देने के लिए 2023 को विजिट इंडिया वर्ष के रूप में नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों के लिए एक रणनीतिक रोडमैप के साथ अमृत काल के दौरान पर्यटन को विकसित करने के लिए एक मिशन मोड दृष्टिकोण की कल्पना की है। इसका उद्देश्य 2047 में भारत/100 मनाते समय तक भारत को विश्व स्तर पर सबसे अग्रणी यात्रा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है जिससे दुनिया भर के आगंतुकों के लिए अद्वितीय अपील पैदा होगी। पर्यटन उद्योग न केवल विकास को चलाता है, बल्कि व्यापक पैमाने पर विभिन्न प्रकार की उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों का उत्पादन करके लोगों के जीवन को भी बढ़ाता है। यह पर्यावरण संरक्षण, विविध सांस्कृतिक विरासत और अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देता है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने 2020 में 39 मिलियन लोगों को रोजगार दिया, जो देश में कुल रोजगार का 8 फीसदी है। भारतीय पर्यटन उद्योग 2047 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने की राह पर है, जिसमें डेटा-संचालित पर्यटन विकास का एक महत्वपूर्ण चालक बनने के लिए तैयार है। 2016 और 2019 के बीच विदेशी मुद्रा लाभ 7 फीसदी की सीएजीआर/चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, लेकिन कोविड-2019 महामारी के कारण 2020 में गिर गया। कोविड-19 महामारी के कम होने के साथ, भारत का पर्यटन क्षेत्र पुनरुत्थान के संकेत दे रहा है। भारत का पर्यटन उद्योग अपनी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक और मनोरम स्थलों के साथ असीम संभावनाओं के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़ा है। भारत को स्थानीय और विदेशी दोनों आगंतुकों के लिए एक आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी गई है। 2030 तक, भारत सरकार क्रूज पर्यटन, इकोटूरिज्म और साहसिक पर्यटन पर विशेष जोर देने के साथ समावेशी विकास के माध्यम से विदेशी मुद्रा में 56 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 140 मिलियन नए पर्यटक संबंधित रोजगार उत्पन्न करने का इरादा रखती है। साहसिक पर्यटन दूरस्थ स्थानों की खोज या यात्रा साहसिक पर्यटन का हिस्सा है। साहसिक पर्यटन मांग में सबसे तेजी से विस्तार करने वालों में से एक है। पर्यटन मंत्रालय ने भारत को दुनिया भर में साहसिक पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए साहसिक पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति विकसित की है। 2032 तक, साहसिक और खेल पर्यटन में 6 मिलियन नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। वैश्विक साहसिक पर्यटन बाजार का आकार 2023 में लगभग 336.03 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया। बाजार 2024 और 2032 के बीच 19.9 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढने का अनुमान है और 2032 तक लगभग 1998.37 बिलियन अमरीकी डालर का मूल्य प्राप्त करेगा। लोकप्रिय साहसिक पर्यटन गतिविधियों में पर्वतारोहण, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग, ट्रैकिंग, बंजी जंपिंग, माउंटेन बाइकिंग, कैनोइंग, रिवर राफ्टिंग, कयाकिंग, स्कूबा डाइविंग, लंबी पैदल यात्रा, नौकायन और रॉक क्लाइम्बिंग गतिविधियों के रूप में शामिल हो सकते हैं। साहसिक पर्यटन व्यक्तियों के तनाव के स्तर को कम कर सकता है, उनकी शारीरिक फिटनेस और आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और दूसरों के बीच उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। पर्यटन और आतिथ्य, भारत के सबसे बड़े सेवा उद्योगों में से एक के रूप में, राष्ट्र के विकास और समृद्धि को चलाने में एक असाधारण भूमिका निभाता है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र मेक इन इंडिया पहल का एक अभिन्न अंग है, जो एक महत्वपूर्ण आर्थिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है जो रोजगार सृजन और तेजी से विकास को बढ़ावा देता है। 2023 में घोषित केंद्रीय बजट ने पर्यटन को सुर्खियों में एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में मजबूती से रखा है। विविधता और लिंग सशक्तिकरण के महत्व को पहचानते हुए, पर्यटन उद्योग महिलाओं के एक प्रमुख नियोक्ता के रूप में खड़ा है। सरकार एक अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के लिए उद्योग के हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करती है जो समान अवसरों को बढ़ावा देती है और महिला कर्मचारियों के योगदान का जश्न मनाती है। प्रगतिशील दृष्टिकोण को अपनाते हुए, भारत स्वचालित मार्ग के तहत पर्यटन उद्योग में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का स्वागत करता है। वैश्विक साहसिक पर्यटन बाजार इंटरनेट की उच्च पहुंच, विकसित मोबाइल एप्लिकेशन, बिग डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्यटन उद्योग को बढ़ाने के लिए अद्वितीय अनुभवों की बढ़ती खोज जैसे कारकों से प्रेरित है। भारत में कई ऐसे हिल स्टेशन हैं जहां आप अक्सर घूमने के लिए गए होंगे और वहां की हरी-भरी वादियों और बर्फीली घाटियों को देखकर आनंदित भी हुए होंगे। लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं जो हिल स्टेशन की यात्रा तो करना चाहते हैं जिससे उनकी इस यात्रा में कोई एडवेंचर भी हो।

## आप का नजरीया

# नए साल के दो नए मंत्री

**एक** साल की सरकार ने अपनी हैसियत और राजनीति की हसरत में दो नए चेहरे चुन लिए और अब मंत्रिमंडल की सूई में सिर्फ एक सुराख रह गया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अब एक और मंत्री राजेश धर्माणी के रूप में तथा कांगड़ा-चंबा संसदीय परिपाटी में यादविंदर गोमा को स्थान मिल रहा है। इस तरह मर्ज का इलाज फिर दर्द की सूली पर सुधीर शर्मा तथा राजेंद्र राणा को चढ़ा गया। इस खोज में पूरा एक साल लगा है, जबकि अगले साल की पैमाइश में सत्ता को लोकसभा चुनाव की रणनीति तथा रणभूमि पर अपना जौहर दिखाना है। मंत्रिमंडल विस्तार की भुजाओं में नवजोश और युवा ऊर्जा का शृंगार हुआ है, फिर भी यह अप्रत्याशित या असंगत नहीं। यह दीगर है कि एक साल की कसौटियों में कई विभाग और विभागों के मंत्री अपनी छाप नहीं जमा पाए हैं। यह भी साबित होता रहा कि मंत्रिमंडल से कहीं अधिक प्रभावशाली मंडे बैठकें होने लगी हैं। कांग्रेस सरकार के बीच क्षेत्रीय संतुलन की खासी कमी कांगड़ा को लेकर रही है और एक साल घुटनों के बल चल कर जिला को मात्र एक और मंत्री पद मिला, जबकि जिला के वरिष्ठ तथा चार बार के विधायक सुधीर शर्मा को हाशिए से बाहर करने की एक और मशक्कत हुक्मरानों ने कर दी। कांग्रेस आदतन जिस रोग से पीड़ित है, उसके लक्षण हिमाचल में अभी मिटे नहीं। अब देखना यह होगा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रदेश की चार सीटों पर सरकार का कितना करिश्मा और संगठन का कितना रुतबा असर करता है। पहले ही सोलन नगर निगम मेयर के चुनाव ने सिद्ध कर दिया है कि आंतरिक कलह मिटाने में पार्टी भाजपा की तरह सक्षम नहीं। सरकार के गले में गारंटियों की घंटियां बंधी हैं और ये बजट का सारा शहद चूस कर भी अतृप्त व असंतुष्ट हैं। पिछले एक साल में तीन गारंटियों में तीन और जमा करके कांग्रेस को अपनी वचनबद्धता तथा सरकार को अपनी विश्वसनीयता पुष्ट करनी है, तो सामने चौबीस घंटे चुनाव के लिए तैयार बैठी भाजपा से मुकाबला करना एक सदी को लांघने जैसा है। अपने एक साल के रिपोर्ट कार्ड में कांग्रेस सरकार ने कुछ निर्णयों, कुछ कार्रवाइयों और आपदा राहत के पैमानों का जिक्र किया है, लेकिन विकास के रास्तों पर सरकार को अब प्रमाणित तौर पर कुछ दिखाना भी होगा। कांगड़ा को पर्यटन राजधानी, प्रदेश में ग्रीन कोरिडोर, जिला मुख्यालयों में हेलिपोर्ट, विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श अस्पताल और राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों के नक्शे नहीं, बुनियाद के पत्थर दिखाने पड़ेंगे। बेशक अतीत में कांग्रेस केवल वीरभद्र सिंह के वर्चस्व की निशानियां ढोती रही, लेकिन मौजूदा दौर में पुनः वर्चस्व के लिए एक गुमनाम संघर्ष दिखाई देता है। अगर ऐसा न होता, तो मंत्रिमंडल के बाहर सजे तमाम पद या बिना किसी उपहार के कैबिनेट रैंक कैसे बंटते। कांगड़ा के मुख्यालय में कांग्रेस का एक साल मुबारकबाद कहता रहा, लेकिन जिला का हिसाब पूरा नहीं हुआ। खास तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के भविष्य पर मौजूदा सरकार का ग्रहण, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की रिश्तेदारी में मृत्युलोक तक पहुंचाया जा चुका है।

# विकास के साथ कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करना सबसे बड़ी प्राथमिकता : दीया



**राजसमंद ( हिंस )।** पूर्व सांसद और विद्याधर नगर से नव निर्वाचित विधायक दीया कुमारी ने प्रदेश की उप मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पीएम मोदी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयत्न करूंगी। सवाई माधोपुर से विधायक और राजसमंद से सांसद रहते हुए जनता का जो स्नेह और सम्मान मिला उससे हमेशा अभिभूत रही हूं। राजसमंद की आठों विधानसभाओं में मोदी सरकार द्वारा खूब विकास कार्य करवाए गए और आगे भी जारी रहेंगे। अधूरी योजनाओं को भी पूर्ण किया जाएगा। मनोनीत उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि अब पूरे प्रदेश के विकास के साथ ही कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करना सबसे पहली प्राथमिकता है।

## लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में पकड़ी गई लड़की उचाना के गांव घासो खुर्द की

**जींद ( हिंस )।** लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में पकड़ी गई नीलम उचाना खंड के गांव घासो खुर्द की रहने वाली है। नीलम के परिवार के लोगों का कहना है कि वह बीए, एमए एमफिल, नेट क्वालीफाइड, सीटेट, एचटेट क्वालीफाई है। फिलहाल हिसार के पीजी में रह कर तैयारी कर रही थी। किसान आंदोलन में भी वह काफी सक्रिय रही। नीलम बेरोजगारी, छात्राओं के साथ नाइंसाफी के खिलाफ रही है। नीलम इस समय हरियाणा सिविल सविर्सेज की तैयारी के लिए हिसार के पीजी में रह रही थी। गत 25 नवंबर को घर से पीजी के लिए निकली थी। नीलम के पिता कोहर सिंह उचाना मंडी में हलवाई का काम करते हैं। नीलम के परिवार में तीन बहनें, दो भाई व माता-पिता हैं। उनके चाचा गांव में करियाणा की दुकान चलाते हैं। पिछले दिनों नीलम गांव में लाइब्रेरी चला रही थी और बच्चों को पढ़ाती थी, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस पर ऐतराज जताया था।

# फरलो खत्म होने पर राम रहीम पहुंचे सुनारियां जेल

**रोहतक ( हिंस )।** फरलो अवधि खत्म होने पर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम बुधवार को सुनारिया कारागार पहुंच गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। राम रहीम तीन सप्ताह की फरलो के दौरान उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहे है। गुरमीत राम रहीम अभी तक नौ बार जेल से बाहर निकले है। दरअसल राम रहीम साध्वी यौन शोषण मामले में बीस साल की सजा काट रहे है। बुधवार शाम को उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम से राम रहीम का काफिला सुनारियां जेल पहुंचा। इस दौरान जेल परिसर के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। हालांकि सुबह से ही राम रहीम के आने को लेकर जेल परिसर में हल चल तेज थी और जेल के आसपास सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए गए थे। इसके अलावा जेल की तरफ जाने वाले रास्तों को बैरिकेटस किया गया था। सुरक्षा को लेकर डीएसपी के नेतृत्व में निगरानी की गई थी। खास बात तो यही रही कि फरलो के दौरान इस बार भी राम रहीम को सिरसा डेरे पर जाने की मनाही रही। चर्चा यह थी कि राम रहीम सिरसा डेरे पर फरलो अवधि पूरी करेंगे।

# जीरकपुर में कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहे गैंगस्टर को पुलिस ने मारी गोली

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने बुधवार की सुबह एक केस में पिस्टल की बरामदगी के लिए जीरकपुर लेकर गई बदमाश के भागने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उसे गोली मार दी। घायल गैंगस्टर को गिरफ्तार कर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। फायरिंग के दौरान एक पुलिस मुलाजिम भी जख्मी हुआ है। एजीटीएफ के एआईजी संदीप गोयल ने बताया कि जस्सा गैंगस्टर हरविंदर रिंदा को जुलाई में इंदर नामक व्यक्ति पर अटैक किया था। इसके बाद गिरफ्तार रिंदा ने पूछताछ के दौरान बताया था कि इंदर पर अटैक के बाद चाइना मेड पिस्टल जीरकपुर में छिपाया है। एआजी गोयल ने बताया कि पुलिस बुधवार को उस पिस्टल की बरामदगी के लिए आरोपी जस्सा गैंगस्टर हरविंदर रिंदा को लेकर जीरकपुर के पीरमुछल्ला लाई थी। गोयल ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रिंदा को हथकड़ी लगा रखी थी लेकिन आरोपी रिंदा उसे छुड़ाकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने वॉर्निंग शॉट कर उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका, इसके बाद उसके पैर में गोली मारी गई। बाद में जख्मी हालत में उसे पकड़ लिया गया। उसे छह गोलियां लगने की सूचना है। इस दौरान एक मुलाजिम भी जख्मी हो गया। गोयल ने बताया कि नवांशहर का रहने वाला आरोपी जस्सा गैंगस्टर हरविंदर रिंदा सोनू खत्री का करीबी है। एक व्यक्ति को शक था कि उसकी पत्नी से एक अन्य व्यक्ति इंदर के अवैध संबंध हैं।

## सीएम बनने पर अखिल ब्राह्मण जनकल्याण समिति ने मनाया जश्न

**डूंगरपुर ( हिंस )।** राजस्थान में भाजपा के साधारण से आम कार्यकर्ता एवं जमीन से जुड़े व्यक्ति भजनलाल शर्मा को मंगलवार को विधायक दल का नेता चुने जाने व प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर बुधवार को जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर जश्न मनाया। अखिल ब्राह्मण जन कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष दीपक जोशी के नेतृत्व में गांव पाडली गुजरेश्वर के सभी युवा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर व मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

# विधानसभा स्पीकर ने विपक्ष के काम रोको प्रस्ताव किए रद्द

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा विधानसभा के शुक्रवार से आरंभ हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले स्पीकर ने विपक्ष के दिए गए कई काम रोको प्रस्तावों को रद्द कर दिया है। माना जा रहा है कि विधानसभा का यह सत्र हंगामे दार होने की आशंका बढ़ गई है। शीतकालीन सत्र में उठाने के लिए विपक्ष की ओर से अभी तक 49 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव मिले हैं। विधायकों ने दो गैर सरकारी बिल, एक अल्पकालीन चर्चा बिल और 383 सवाल सरकार से जवाब के लिए दिए हैं। विधानसभा स्पीकर डॉ. ज्ञानचंद गुप्ता ने जहरीली शराब से हुई मौतें, फसलों का मुआवजा मिलने में देरी तथा राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों पर दिए गए विपक्ष के काम रोको प्रस्तावों को रद कर दिया। विधानसभा में तीन दिन की सत्र की कार्यवाही के लिए लाटरी सिस्टम से विधायकों के सवालों का चयन कर लिया है। गोहाना के कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने विधानसभा में सरकार से पूछा है कि साल 2015 से अब तक राज्य में भ्रष्टाचार के विभागवार मामलों का ब्योरा क्या है। पृथला के निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत ने सरपंच और ग्राम पंचायतों की शक्तियां बढ़ाने के प्रस्ताव पर सरकार से जवाब मांगा है। मुलाना के कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत नियमित रूप से बैठकें नहीं बुलाने का कारण सरकार से पूछा है। सोनीपत के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार ने सरकार से पूछा है कि सोनीपत में मेटरो रेल कब तक आएगी। फरीदाबाद एनआइटी के कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने सरकार से जानना चाहा है कि जनसंवाद कार्यक्रमों में क्या संबंधित क्षेत्र के विधायक को बुलाया जाता है और उसके आयोजन पर होने वाला खर्च कौन वहन करता है।

# पंजाब में 7वीं से 12वीं तक के बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए मिलेगी वाहन सुविधा : भगवंत मान

## शिक्षा मंत्री के जिले का स्कूल देखने पहुंचे मुख्यमंत्री मान



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ऐलान किया है कि जल्द ही ग्रामीण स्कूली बच्चों को आने जाने के लिए वाहनों की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए प्रिंसीपल एक प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजें। बुधवार को मुख्यमंत्री मान का काफिला अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। अचानक उन्होंने रोपड़ के गांव सुखो माजरा के सरकारी स्कूल पर अपना काफिला रुकवाकर स्कूल में पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने स्कूल के विद्यार्थियों तथा प्रिंसीपल व स्टाफ के साथ काफी देर तक बातचीत की। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस का गृह जिला रोपड़ है। मुख्यमंत्री ने स्कूल के स्टाफ की गिनती की और धुंध व ठंड में आने के कारण दिक्कतों के बारे में बातचीत की। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि यहां बच्चे दूर-दूर से आते हैं। इसलिए कई बच्चे स्कूल छोड़ना चाहते हैं। बीते समय में भी 12वीं का रोल नंबर अपने पिता के साथ लेने आ रहे एक विद्यार्थी की मौत हो गई थी। इस पर मुख्यमंत्री ने स्कूल प्रिंसिपल को गांवों से आने वाले विद्यार्थियों के अनुसार प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि छठी कक्षा तक बच्चे लोकल होते हैं। वहीं सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने प्रिंसिपल को हिदायत दी कि प्रपोजल इस अनुसार भेजें कि सातवीं से दसवीं तक के बच्चों को एक घंटा पहले छुट्टी हो और वहीं बसें एक घंटें में 11वीं-12वीं के बच्चों को लेने के लिए पहुंच सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 दिसंबर को पूरे पंजाब के सरकारी स्कूलों में पेरेंट्स-टीचर्स मीटिंग होने जा रही है। यह पेरेंट्स मीटिंग स्टूडेंट्स के लिए है, ताकि पेरेंट्स को पता चल सके कि बच्चे स्कूल में क्या करते हैं। वहीं टीचर्स को भी पता चले कि स्कूल के बाद स्टूडेंट्स क्या करते हैं।

# मानहानि प्रकरण में पूर्व सीएम गहलोत की रिवीजन खारिज

**जयपुर ( हिंस )।** दिल्ली की विशेष अदालत ने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी घोटाले को लेकर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह व उनके परिजनों के खिलाफ बयानबाजी के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है। गहलोत की ओर से रिवीजन याचिका में निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें निचली अदालत ने समन जारी कर तलब किया था। अपीलीय अदालत ने अपने आदेश में माना की एसीएमएम कोर्ट का प्रकरण में समन जारी करने का गत 6 जुलाई का आदेश सही था और उसमें किसी तरह की कानूनी त्रुटि नहीं है। विशेष कोर्ट ने गत दिनों मामले में पक्षकारों की बहस पूरी होने के बाद फैसला बाद में देना तय किया था। इस मामले में विशेष कोर्ट ने पूर्व में गहलोत की रिवीजन पर मानहानि केस में सुनवाई कर रही निचली कोर्ट को कहा था कि वह समन जारी करने पर बहस जारी रख सकती है, लेकिन कोई अंतिम आदेश पारित नहीं करे। मामले में गहलोत की ओर से कोर्ट से आग्रह किया था कि निचली कोर्ट के मामले में आरोप तय करने पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही कहा था कि यदि निचली कोर्ट आरोप तय कर देगी तो मौजूदा रिवीजन पिटिशन सारहीन हो जाएगी। गौरतलब है कि गजेंद्र सिंह ने मानहानि परिवाद दायर कर कहा है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने प्रकरण में उनके व उनके परिजनों के खिलाफ मानहानिकारक बयानबाजी की है। परिवाद पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत ने गहलोत को समन जारी कर तलब किया था। इसके खिलाफ रिवीजन याचिका पेश कर गहलोत की ओर से कहा गया था कि उन्होंने बतौर गृह मंत्री एसओजी की जांच के आधार पर बयान दिया था।



# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने की संगठनात्मक बैठक

**भागलपुर ( हिंस )।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को भाजपा ने जिलाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में जिला कार्यालय रानी तालाब में संगठनात्मक बैठक की। बैठक का आरंभ प्रदेश से आए क्षेत्रीय सह-प्रभारी मनीष पांडे ने स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी और स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उसके बाद वंदे मातरम गीत गायन किया गया। जिसका गायन जिला मंत्री स्वेता सुमन और जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती यादव ने किया। इस मौके पर कहलगांव विधायक पवन यादव ने कहा कि भाजपा एक कैडर बेस अनुशासित पार्टी है और अनुशासन से चुनाव लड़ना और जीतना ही पार्टी की पहचान है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा भागलपुर संगठन अनुशासन के साथ चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। विधान परिषद सदस्य डॉ. एन के यादव ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश आलाकमान द्वारा संगठन को लेकर दिए गए सभी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए गंभीरता से काम करना है। जिला से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक संगठन को सक्रिय करना है। भाजपा के सह-क्षेत्रीय प्रभारी मनीष पांडे ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए हमे अनवरत कार्य करते रहना है। पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए हमे अपनी संगठनात्मक संरचना को और भी मजबूत और सुदृढ़ करना है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। क्योंकि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उसके बाद हीं पार्टी है और हम स्वयं सबसे अंतिम में आते हैं। नरेंद्र मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, उन्होंने पार्टी को समाजसेवा से जोड़ दिया है। तभी तो नरेंद्र मोदी ने नारा दिया सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सब का प्रयास। प्रधानमंत्री ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी बल्कि उसको चरितार्थ करके भी दिखाया। क्षेत्रीय सह-प्रभारी अनिल ठाकुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान की प्रगति की समीक्षा की। लोकसभा प्रभारी अर्जुन शर्मा ने पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाने और जनता के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में भागलपुर लोकसभा संयोजक शरद सलारपुरिया, अररिया लोकसभा प्रभारी रोहित पांडे, पूर्णिया लोकसभा प्रभारी अभय बर्मन, नवगछिया जिला प्रभारी कन्हाई मंडल, बांका जिला प्रभारी राजकुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नभय चौधरी, नवगछिया पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मंडल ने भी संगठन को मजबूत करने के लिए संबोधन दिया। बैठक का संचालन महामंत्री योगेश पांडे ने किया। बैठक में जिला महामंत्री विजय कुशवाहा, अभय घोष, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, उमाशंकर, रोशन सिंह, जिला मंत्री मनीष दास, राजेश टंडन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक आनंद, आशीष कुमार, प्यारे हिंद, धर्मेंद्र बबलू, रितेश घोष, विनीत भगत, सिद्धार्थ सोलंकी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




## वज्रपात से मृत तीन लोगों के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख रुपए

**रांची ( हिंस )।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपए भुगतान की स्वीकृति दी है। वज्रपात से चान्हो प्रखंड के दो और ईटकी प्रखंड के एक मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी गई है। इनमें चान्हो निवासी रोशनी उरांव के परिजन विशुवा उरांव, चान्हो निवासी शीला देवी के परिजन देवचरण महतो और ईटकी निवासी सुमी उराईन की पत्नी चरवा उरांव को राशि प्रदान की जायेगी। संबंधित अंचल अधिकारी के रिपोर्ट के अनुसार मुआवजा की राशि स्वीकृत की गई है।

# पाकिस्तान से फंडिंग मामले में गिरफ्तार शाहनवाज का जागरण कल्याण भारती से नहीं कोई संबंध

**अररिया ( हिंस )।** पाकिस्तान से फंडिंग के आरोप में पकड़ा गया युवक शाहनवाज उर्फ छोटू ने कभी भी एनजीओ जागरण कल्याण भारती में काम नहीं किया है। शाहनवाज आलम का जागरण कल्याण भारती से कोई ताल्लुकात नहीं है। उपरोक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने कही। उन्होंने दिए गए विज्ञप्ति में बताया कि पूर्णिया पुलिस के द्वारा पकड़ा गया आरोपी शाहनवाज ने कभी भी किसी भी प्रकार का सहयोग एनजीओ को नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि शाहनवाज एनजीओ का कर्मी भी नहीं रहा है और न कभी किसी तरह का मानदेय उन्हें दिया गया है। आरोपी के द्वारा जागरण कल्याण भारती में काम किए जाने की बातें सामने आने के बाद एनजीओ के अध्यक्ष ने विज्ञप्ति जारी करते हुए यह बातें कही है। उल्लेखनीय हो कि पूर्णिया पुलिस के द्वारा पाकिस्तानी हैंडलरों के माध्यम से देश विरोधी कार्य को लेकर गिरफ्त में आए अररिया के तीन युवकों में एक फारबिसगंज का शाहनवाज आलम भी है। जिन्होंने पूर्णिया पुलिस को पूछताछ के क्रम में फारबिसगंज के एनजीओ में पूर्व में काम करने की बात कही थी। पूर्णिया एसपी आमिर जावेद ने भी अपने प्रेस कांफ्रेंस में इसका जिक्र किया था।

# अब *साहब* भी खाने लगे मुड़वा और बाजरा की रोटी

**खूंटी ( हिंस )।** एक समय था जब मुड़वा, ज्वार बाजरा जैसे अनाज को गरीबों का भोजन कहा जाता था। एक तो यह पूरे झारखंड खासकर दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और इसकी फसल भी खूब होती है। साथ ही इसकी कीमत भी गेहूं जैसे अनाज से काफी कम होती थी, लेकिन जब से मोट अनाज की फायदे के बारे में लोगों को जानकारी मिली, मोटे अनाज की मांग काफी बढ़ गई है और इसकी कीमत में काफी उछाल आया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि गरीब तो क्या बड़े-बड़े अधिकारी से लेकर व्यवसायी तक मुड़वा, बाजरा, जौ, ज्वार आदि का उपयोग करने लगे हैं। यही कारण है कि आज बाजार में गेहूं के आटे की कीमत से अधिक मूल्य मुड़वा के आटे का है। तोरपा के प्रसिद्ध व्यवसायी कहते हैं कि पिछले 50-60 वर्षों से वह अनाज का कारोबार करते आ रहे हैं, लेकिन मुड़वा, बाजरा जैसे मोटे अनाज की कीमत में इतना वृद्धि कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि जब से 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है, तब से मुड़वा जैसे मोटे अनाज की मांग की काफी बढ़ गई है। गरीबों का निवाला कहे जाने वाले मुड़वा की रोटी तो अफसरों की थाली का अंग बन चुकी है। सतीश चौधरी ने कहा कि वर्तमान में गेहूं के आटे की कीमत लगभग 40 रुपए प्रति किलो है, वहीं मुड़वा आटा की कीमत 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। बाजार मड़वा की कीमत बढ़ने से किसान भी काफी खुश हैं। कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के प्रगतिशील किसान और पूर्व जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने दिलीप शर्मा कहते हैं कि पहले सिर्फ गरीब लोग ही मुड़वा या ज्वार बाजरा की रोटी का उपयोग करते थे। मांग कम होनेके कारण किसानों कों उनकी उपज का सही प्रतिफल नहीं मिल पाता था, लेकिन अब मोटे अनाज का उपयोग सभी घरों में होने लगा है। इसके कारण बाजार में इसकी मांग काफी बढ़ गई है। दिलीप शर्मा कहते हैं कि अब तो झारखंड सरकार ने मुड़वा जैसे अनाज को विद्यालयों में दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन में भी शामिल कर लिया है। स्कूलों में बच्चों को मुड़वा से बना हलुआ भी दिया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजन चौधरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष में आठ मोटे अनाज को शामिल किया गया है। इनमें मुड़वा (कोदो)बाजरा, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चना और छोटा रागी शामिल हैं। उन्होने बताया कि 72 देशों के समर्थन के बादसंयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड खासकर खूंटी, गुमला, लोहरदग, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जैसे जिलों में मुड़वा की काफी उपज होती है। डॉ. चौधरी ने कहा कि मुड़वा की खेती में न अधिक मेहनत लगती है और न ही अधिक लागत आती है। यही कारण है कि इस क्षेत्र के गरीब और सीमांत किसान इसकी भरपूर खेती करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी मोटे अनाज की खेती के लिए किसनों को बढ़ावा दे रही है।

# अयोध्या : भव्य राम मंदिर के साथ ही 2024 में अयोध्या में पूरे होंगे कई बड़े प्रोजेक्ट्स

**अयोध्या ( हिंस )।** दुनियाभर के सनातनियों को 22 जनवरी 2024 का बेसब्री से इंतजार है। जन-जन के आराध्य भगवान श्रीराम 500 साल की प्रतीक्षा, परीक्षा और अगणित बलिदानों के पश्चात अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इसके साथ ही त्रैल्योक्य न्यारी अयोध्या नगरी सुख-समृद्धि से भी परिपूर्ण होने जा रही है। मोदी-योगी सरकार की ओर से अयोध्या में चल रही 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश 2024 में पूरी हो जाएंगी। वहीं 6 हजार करोड़ से अधिक के निवेश भी अयोध्या में धरातल पर उतरने को बिल्कुल तैयार हैं। इनमें ज्यादातर हॉस्पिटैलिटी, ट्रैवेल-टूरिज्म और हायर एजुकेशन से जुड़ी परियोजनाएं हैं। इन सभी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के साथ ही 20-30 हजार नये रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में श्रीराममंदिर के उद्घाटन समारोह को *भूतो न भविष्यति* बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। 2024 में जब एक तरफ भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो ये पुण्य वर्ष अयोध्या में कई बड़े निर्माण और बदलावों का भी साल साबित होने जा रहा है। विकास कार्यों की एक लंबी श्रृंखला है, जिसमें सबसे पहला नाम अयोध्या में बनकर तैयार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। यहां से जनवरी 2024 में उड़ान शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही जनवरी में ही 50 हजार फुट प्रिंट वाले अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का नया भव्य भवन भी बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा मार्च तक सोलर सिटी भी पूरी तरह आकार ले लेगी। जनवरी : 394 करोड़ से 4 लेन अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज, दर्शन नगर के पास रेलवे ओवर ब्रिज, अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग, पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण, परिक्रमा मार्ग पर 25 से ज्यादा पर्यटन स्थलों और कुंडों का विकास, डेकोरेटिव पोल और हेरिटेज लाइटों की स्थापना का कार्य, कौशल्या सदन का निर्माण, मुक्ति वैकुंठ धाम के विकास का कार्य पूरा हो जाएगा।



## लारेंस का गुर्गा बनकर ज्वैलर से मांगी पांच लाख की रंगदारी

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के भीतरी क्षेत्र घोड़ों का चौक में एक ज्वैलर को लारेंस का गुर्गा बनकर पांच लाख की रंगदारी मांगे जाने का प्रकरण दर्ज हुआ है। बदमाश ने वाटसअप कॉल कर जान की धमकी दी है। संभवत: इंटरनेट कालिंग की गई है। पुलिस अब वाटसअप पर आए नंबरों से पता लगाने का प्रयास कर रही है। आरोपित को पकडने के लिए आईटी सैल की मदद ली जा रही है। सदर बाजार पुलिस ने बताया कि घोडो का चौक दुधेश्वर मंदिर के पास सुर्दशन ज्वैलर्स के नाम से सोने चांदी का व्यापार करने वाले ओमप्रकाश पुत्र स्व. सुखराम सोनी ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि 12 दिसंबर को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का वाट्सअप कॉल आया और फोन करने वाले ने खुद को लारेंस गैंग का गुर्गा बताते हुए पांच लाख रुपये की फिरौती की मांग की। वाट्सअप कॉल करने वाले बदमाश ने पांच लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकियां देने की भी जानकारी पुलिस को दी।




# स्पाइसजेट शेयरों से जुटाएगी 2,250 करोड़ रुपये, 64 निवेशक लगाएंगे पूंजी

**नई दिल्ली ।**
नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी स्पाइसजेट अब शेररों के जरिए पूंजी जुटाएगी। इसके लिए कंपनी ने 64 निवेशाकों को तैयार कर लिया है। कंपनी के बोर्ड ने 64 निवेशकों से 2,250 करोड़ रुपये की ताजा पूंजी जुटाने की योजना को आज मंजूरी दे दी हैं। इन निवेशकों में वित्तीय संस्थानों के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशक, धनाढ्य व्यक्ति और निजी निवेशक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार विमानन कंपनी शेयर और वारंट जारी करते हुए यह रकम जुटाएगी। विमानन कंपनी पिछली कई तिमाहियों से नकदी किल्लत का सामना कर रही है। इसके अलावा पूर्व मालिक कलानिधिमारन, वित्तीय सेवा फर्म क्रेडिट सुइस और विमान एवं इंजन पट्टादाताओं के बकाये के मामले में उसे विभिन्न अदालतों में मुकदमों से भी जूझना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि स्पाइसजेट ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 449.04 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध घाटा दर्ज किया। एक साल पहले की समान तिमाही में दर्ज शुद्ध घाटे के मुकाबले अभी यह 46 फीसदी कम घाटा है। इस संबंध में स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, 'जुलाई से सितंबर तिमाही विमानन उद्योग के लिए ऐतिहासिक तौर पर चुनौतीपूर्ण रही है। इस साल ईंधन कीमतों में तेजी के कारण चुनौतियां बढ़ गईं जिससे परिचालन लागत प्रभावित हुई।' स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में विमानन कंपनी ने कहा है कि वह 2,250 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 64 निवेशकों को 32 करोड़ शेयर और 13 करोड़ वारंट जारी करेगी। इसके लिए निर्गम मूल्य 50 रुपये प्रति शेयर/वारंट होगा। कंपनी ने बताया कि इन निवेशकों में इलारा इंडिया अपरच्युनिटीज फंड, एरीज अपरच्युनिटीज फंड, महापात्र यूनिवर्सल लिमिटेड, नेक्सस ग्लोबल फंड, प्रभुदास लीलाधर और रेजोनेंस अपरच्युनिटीज फंड शामिल हैं। सिंह ने कहा कि इस रकम से विमानन कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, इसके साथ ही ऋण का बोझ घटाने में भी मदद मिलेगी और परिचालन क्षमता में सुधार होगा। बाजार बंद होने पर स्पाइसजेट का बाजार पूंजीकरण 3,917 करोड़ रुपये था। सिंह और उनसे संबंधित इकाइयों की इस विमानन कंपनी में 56.53 फीसदी हिस्सेदारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नए निवेशकों को शेयर/ वारंट जारी किए जाने के बाद उनकी शेयर हिस्सेदारी में क्या बदलाव होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीलंका को फिर मिली आईएमएफ से सहायता, अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए देगा 33.7 करोड़ डॉलर



**कोलंबो ।** श्रीलंका पिछले कुछ साल से कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश में आर्थिक संकट के कारण भोजन, बिजली और ईंधन की कमी हो गई है। पिछले साल श्रीलंका अपने कर्ज चुकाने के दायित्वों से चूक गया, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ उसे तीन अरब यूरो का बेलआउट सौदा करना पड़ा था। अब एक बार फिर देश ने आईएमएफ की ओर सहायता की नजर से देखा है। इसी को लेकर आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका के साथ 48 महीने की विस्तारित कोष सुविधा के तहत पहली समीक्षा पूरी कर ली है। साथ ही फैसला लिया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश को व्यापक आर्थिक व ऋण स्थिरता बहाल करने के लिए करीब 33.7 करोड़ डॉलर की सहायता दी जाएगी। श्रीलंका के वरिष्ठ मिशन प्रमुख पीटर ब्रेउर ने बताया कि आईएमएफ द्वारा 2.9 अरब डॉलर जारी करने की पहली समीक्षा को समाप्त करने के लिए चीन के साथ ऋण पुनर्गठन का काम बहुत ही गोपनीय आधार पर किया गया। श्रीलंका ने चीन से काफी कर्ज लेकर रखा है। उसे अपने कुल ऋण का 52 प्रतिशत हिस्सा चीन को देना है। ब्रेउर ने बताया, सैद्धांतिक रूप से चीनी समझौता श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन वार्ता के लिए बेहद अच्छी खबर है। हमने अधिकारियों द्वारा गोपनीय आधार पर साझा किए गए समझौते की शर्तों का पढ़ा है। आईएमएफ ने समीक्षा पूरी की और द्वीप राष्ट्र को 33.7 करोड़ डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने की मंजूरी दे दी। इससे चार साल की सुविधा में संवितरण मूल्य 67 करोड़ डॉलर हो गया।

### टॉप 10 बेस्ट सेलिंग कारों की लिस्ट में टाटा पंच




**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की टाटा पंच कार की बिक्री इतनी है कि कुछ समय में ही ये टॉप 10 बेस्ट सेलिंग कारों की लिस्ट में अपनी जगह बना चुकी है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि ये छोटी होने के बाद भी काफी स्पेशियस है और फीचर्स से भरपूर है। टाटा पंच में कंपनी 1.2 लीटर का नैचुरली एस्पिरेटेड 3 सिलेंडर रेवेट्रॉन इंजन देती है। ये इंजन 84 बीएचपी की पावर जनरेट करता है। इसका मैक्सिमम टॉर्क 113 एनएम का जनरेट होता है। कार में आप 5 स्पीड मैनुअल या ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के ऑप्शन को चुन सकते हैं। इस इंजन की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसे सिटी राइड के साथ ही हाईवे राइड के लिए भी डिजाइन किया गया है। वहीं इसमें आपको सीएनजी का विकल्प भी मिलता है। सीएनजी पर कार का माइलेज 32 किलोमीटर प्रति किलो तक का है। वहीं पेट्रोल पर बात की जाए तो कार 22 किलोमीटर प्रति लीटर से भी ज्यादा माइलेज देती है। टाटा पंच में कंपनी हरमन का इंफोटेनमेंट सिस्टम देती है जो कि 7 इंच की स्क्रीन के साथ आता है। वहीं डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, लैदर रैप्ड फ्लैट बॉटम स्टीयरिंग व्हील, क्रूज कंट्रोल, क्लाइमेट कंट्रोल, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल, सिटी और ईको ड्राइव मोड, हाइट एडजस्टेबल ड्राइवर सीट जैसे फीचर्स मिलते हैं।

### प्रधानमंत्री पीएम किसान योजना के बेनिफिट के लिए बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करवाना जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री पीएम किसान योजना के 15वीं किस्त का पैसा किसानों के बैंक खातों में आने लगी है। इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनके बैंक अकाउंट आधार से लिंक हैं। लोकसभा में पूछे एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि पीएम किसान योजना के तहत किसानों का बैंक अकाउंट आधार से लिंक होना जरूरी है। ऐसे में अगर आपके अकाउंट में 15वीं किस्त नहीं आई है तो आपको जल्द से से जल्द बैंक अकाउंट को लिंक करवा लेना चाहिए। ऐसे किसान जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं उन्हें इस योजना का बेनिफिट नहीं मिलेगा। यहां हम आपको बैंक अकाउंट के आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। 16वीं किस्त के लिए शुरू हुए रजिस्ट्रेशन पीएम किसान योजना की 16वीं किस्त के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। अगर आप अब तक पीएम किसान योजना का लाभ नहीं उठा पाएं तो ऑफिशियल पोर्टल से इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।




# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से महंगाई दर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ।**
भारत में खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में तीन महीनों में अपनी सबसे तेज गति से बढ़ी, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि थी। नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गया। अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 4.87 प्रतिशत और सितंबर में 5.02 प्रतिशत था। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति हालांकि आरबीआई के 2-6 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर है, लेकिन आदर्श स्थिति 4 प्रतिशत के से ऊपर है। कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में करीब आधी हिस्सेदारी रखने वाली खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर में 8.70 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी। सालाना आधार पर नवंबर में मोटे अनाजों की कीमतों में 10.27 फीसदी और सब्जियों की कीमतों में 17.7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने दालों में 20.23 प्रतिशत, मसालों में 21.55 प्रतिशत और फलों की कीमतों में 10.95 प्रतिशत की तेजी आई। मासिक आधार पर खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब रिजर्व बैंक ने लगातार पांचवीं बार रेपो दर में यथास्थिति बरकरार रखी है। हाल के ठहराव को छोड़कर, आरबीआई ने मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई में मई 2022 से रेपो दर में संचयी रूप से 250 आधार अंकों की वृद्धि की है। ब्याज दरों को बढ़ाना एक मौद्रिक नीति से जुड़ा साधन है जो आम तौर पर अर्थव्यवस्था में मांग को दबाने में मदद करता है, जिससे मुद्रास्फीति दर में गिरावट में मदद मिलती है। नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विश्लेषकों और विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए हैं। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति की बारीकी से निगरानी करेगा क्योंकि यह मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के 4 प्रतिशत के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष में औसतन 5.5 प्रतिशत बनी रहेगी और रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में ब्याज दरों को स्थिर रखेगा। वहीं केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा के अनुसार प्रतिकूल आधार से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 5.8 से 6 प्रतिशत के आसपास पहुंच सकती है। हालांकि, जनवरी-मार्च के दौरान बाजार में नई फसलों की आवक के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति वित्त वर्ष के अंत तक 5.1 प्रतिशत तक कम हो सकती है। पूरे वित्त वर्ष के लिए हमारा अनुमान है कि मुद्रास्फीति औसतन 5.4 प्रतिशत रहेगी। नाइट फ्रैंक इंडिया के नेशनल डायरेक्टर रिसर्च विवेक राठी ने कहा कि आने वाले समय में उपभोक्ता हेडलाइन मुद्रास्फीति में तेजी आएगी, हालांकि, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव होगा। मोटे तौर पर, मुद्रास्फीति में कमी आई है, इस प्रकार आरबीआई को कुछ समय के लिए रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का अवसर मिला है।



### देश के अमीरों की सूची में पांचवें नंबर पर पहुंचीं सावित्री जिंदल, अजीम प्रेमजी से आगे निकलीं

**नई दिल्ली ।** भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल अब दौलत के मामले में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी से आगे निकलते हुए सातवें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गईं हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 25 अरब डॉलर तक पहुंच गई। पिछले दो साल में ही उनकी दौलत में भारी इजाफा हुआ। वहीं इस दौरान अजीम प्रेमजी की संपत्ति में 42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को सावित्री जिंदल का जन्म हुआ था। उनका विवाह 1970 में जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल से हुई थी। उनके 9 बच्चे हैं। जब वे 55 साल की थीं, तब हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पति की मौत हो गई थी। ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में मंत्री भी रहे थे। पति की मौत के बाद उन्होंने पूरा कारोबार संभाला। भारत के सबसे रईस लोगों की सूची में विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी कभी पहले नंबर पर थे। लेकिन पिछले वर्षों में उनकी नेटवर्थ में बड़ी कमी दर्ज की गई। पिछले दो वर्षों में कंपनी के शेयर में 42 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

# डॉलर के मुकाबले फिर कमजोर होकर खुला रुपया, इतने पैसे टूटकर कर रहा कारोबार



**नई दिल्ली।**
**शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 1 पैसे गिरकर 83.38 पर आ गया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, बढ़ती खुदरा मुद्रास्फीति में नरम रुख के कारण रुपये पर असर पड़ा है। विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 83.39 पर खुला और डॉलर के मुकाबले थोड़ा बढ़कर 83.38 पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद से 1 पैसा कम है। रुपया, डॉलर के मुकाबले 83.37 पर बंद हुआ था।**

### डॉलर इंडेक्स हुआ मजबूत

6 अन्य करेंसी की तुलना डॉलर से करने वाला डॉलर इंडेक्स 0.02 प्रतिशत बढ़कर 103.48 पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.20 प्रतिशत गिरकर 73.09 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था।

### आरबीआई के अनुमान के अंदर ही महंगाई

कल जारी हुए आधिकारीक आंकड़े के मुताबिक देश में रिटेल महंगाई तीन महीने में सबसे अधिक बढ़कर नवंबर में 5.55 प्रतिशत हो गई है। हालांकि खुदरा महंगाई अभी भी आरबीआई के अनुमान 6 प्रतिशत के अंदर बनी हुई है।

जारी हुए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण, बिजली और खनन क्षेत्रों के डबल डिजिट ग्रोथ के कारण अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई।

### गिरावट के साथ खुला बाजार

बीएसई सेंसेक्स 20.84 अंक या 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,530.19 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 5.15 अंक या 0.02 प्रतिशत बढ़कर 20,911.55 अंक पर पहुंच गया था। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने पूंजी बाजार से 76.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सराफा बाजार में सोना हुआ सस्ता, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली ।**
सराफा बाजार में सोने के वायदा भाव तेजी के साथ खुले जरूर लेकिन बाद में इनके भाव में कमी देखी गई। इसी तरह चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। सोने के वायदा भाव 61,100 रुपये और चांदी के वायदा भाव 71,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में नरम पड़ गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 15 रुपये की तेजी के साथ 61,196 रुपये के भाव पर खुला। हालांकि खबर लिखे जाने के तक यह कॉन्ट्रैक्ट 76 रुपये की गिरावट के साथ 61,105 रुपये के भाव पर था। इस समय इसने 61,196 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 61,085 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पा लिया। बता दें कि पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव ने 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट आज 117 रुपये की गिरावट के साथ 71,745 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 287 रुपये की गिरावट के साथ 71,575 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। बता दें कि इस समय इसने 71,745 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,551 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर पा लिया। हालांकि पिछले सप्ताह चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये के भाव पर दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गए थे। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत वहां भी आज तेज रही। लेकिन बाद इनके भाव में कमी देखी गई। कोमेक्स पर सोना 1,995.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। हालांकि पिछला क्लोजिंग प्राइस 1,993.20 डॉलर था। खबर लिखे जाने तक यह 0.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1,992.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर रहा था।



# नई हिमालयन 450 अब विदेशों में भी उपलब्ध यूरोपीय बाजार में भी कर दिया लॉन्च

**नई दिल्ली ।**
महंगी बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की बाइक नई हिमालयन 450 यूके, फ्रांस और इटली जैसे इंटरनेशनल मार्केट में भी उपलब्ध होगी। भारत के मुकाबले दूसरे बाजारों में यह बाइक काफी महंगी मिलेगी। भारत में नई हिमालयन 450 की कीमत 2.69 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है, जबकि इटली और फ्रांस में इसकी कीमत तकरीबन 5900 यूरो यानी 5.30 लाख रुपये है। वहीं, यूके में इस बाइक की कीमत 5750 पौंड है जो करीब 6 लाख रुपये के बराबर है। नई रॉयल एनफील्ड हिमालयन अपने पिछले मॉडल की तुलना में महंगी है। हिमालयन 411 की कीमत 2.15 लाख रुपये से 2.30 लाख रुपये के बीच थी। इस लिहाज से देखा जाए तो नई हिमालयन 54,000 रुपये महंगी है। कंपनी ने बाइक में अपडेट को देखते हुए कीमतों में इजाफा किया है। नई हिमालयन पूरी तरह अपने पुराने मॉडल से अलग है। इसमें नया डिजाइन, नया इंजन और कई सारे नए और एडवांस फीचर्स शामिल किए गए हैं। रॉयल एनफील्ड ने हिमालयन में बिलकुल नया 452सीसी क्षमता का सिंगल सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया है, जो लगभग 40 बीएचपी का पॉवर और 40 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। पुरानी हिमालयन का 411सीसी इंजन महज 24.3 बीएचपी का पॉवर जनरेट करता था। पुरानी हिमालयन में 5-स्पीड गियरबॉक्स मिलता था, लेकिन नए हिमालयन में 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ असिस्ट और स्लिपर क्लच फंक्शन भी दिया गया है। नई हिमालयन राउंड आकर के फ्यूल टैंक के साथ आती है। पिछले मॉडल में फ्यूल टैंक रेक्टैंग्युलर आकार में था। टैंक का आकार बदलने से इसकी क्षमता भी बढ़ गई है। इसकी कैपेसिटी 15 लीटर से बढ़कर 17 लीटर की हो गई है। कंपनी ने हेडलाइट, इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, फ्रेम और सीट के डिजाइन में भी बदलाव किया है। हालांकि, ये अब भी स्प्लिट सीट सेटअप में आ रही है। इसके अलावा साइड पैनल, आगे और पीछे के फेंडर्स भी नए दिए गए हैं। कंपनी अब इस बाइक में सभी तरह की लाइटिंग एलईडी में दे रही है।



पीएमएलए से जुड़े मामले में कार्ति चिदंबरम तलब

# सांसद नहीं पहुंचे, बोले- यह सबसे फर्जी मामला

**नई दिल्ली ।**
कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए।तमिलनाडु में शिवगंगा लोकसभा सीट से 52 वर्षीय विधायक को केंद्रीय एजेंसी ने इस हफ्ते अपने कार्यालय में पेश होने और धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच किए जा रहे मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया था। समझा जाता है कि सांसद ने ईडी को सूचित किया कि वह संसद के मौजूदा सत्र में व्यस्त हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के अनुसार, 2022 का ईडी का मामला वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपये देने के आरोपों से संबंधित है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला सीबीआई की शिकायत से उपजा है। उधर कार्ति ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि यह मामला सबसे फर्जी है और उनकी कानूनी टीम इसे देख रही है।



### कार्ति चिदंबरम बोले- यह सबसे फर्जी मामला

उन्होंने कहा, मुझ पर तीन तरह के मामले थोपे गए हैं: फर्जी, अधिक फर्जी और सबसे फर्जी। यह तीसरी श्रेणी का मामला है। इसे मेरे वकील देखेंगे। सीबीआई ने पिछले साल चिदंबरम के परिवार के परिसरों पर छापा मारा था और भास्कररमन को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के आरोपों के अनुसार, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और यह निर्धारित समय से पीछे चल रहा था। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार टीएसपीएल के एक अधिकारी ने 263 चीनी कामगारों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी, जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपये का आदान-प्रदान किया गया था।

एजेंसी ने आरोप लगाया है कि टीएसपीएल के तत्कालीन एसोसिएट उपाध्यक्ष विकास मखारिया ने मानसा स्थित बिजली संयंत्र में काम करने वाले चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने के लिए भास्कररमन से संपर्क किया था। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मखारिया ने अपने करीबी सहयोगी भास्कररमन के जरिए कार्ति से संपर्क किया।

इसमें आरोप लगाया गया है, उन्होंने उक्त चीनी कंपनी के अधिकारियों को आवंटित 263 परियोजना वीजा का पुन: उपयोग करने की अनुमति देकर अधिकतम सीमा (कंपनी के संयंत्र के लिए अनुमत अधिकतम परियोजना वीजा) के उद्देश्य को विफल करने के लिए एक बैक-डोर तरीका तैयार किया।

### क्या है पूरा मामला

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि परियोजना वीजा एक विशेष सुविधा है जिसे 2010 में बिजली और इस्पात क्षेत्र के लिए शुरू किया गया था जिसके लिए गृह मंत्री के रूप में पी चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए थे, लेकिन परियोजना वीजा को फिर से जारी करने का कोई प्रावधान नहीं था। मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, दुर्लभ और असाधारण मामलों में विचलन पर विचार किया जा सकता है और केवल गृह सचिव की मंजूरी के साथ ही मंजूरी दी जा सकती है। हालांकि, उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए, परियोजना वीजा के पुन: उपयोग के संदर्भ में विचलन को तत्कालीन गृह मंत्री द्वारा अनुमोदित किए जाने की आशंका है।

कार्ति ने पिछले दिनों कहा था कि यह मामला उनके खिलाफ उत्पीड़न और बदले की भावना से की गई कार्रवाई है और उनके जरिए उनके पिता (वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम) को निशाना बनाने का प्रयास है। सांसद ने कहा था कि उन्हें यकीन है कि उन्होंने कभी एक भी चीनी नागरिक को वीजा प्रक्रिया में मदद नहीं की।



# प्रगनानंदा के कोच समेत सात द्रोणाचार्य के लिए नामित, ध्यानचंद अवॉर्ड के लिए इन नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली।**
शतरंज की नई सनसनी ग्रैंड मास्टर आर प्रगनानंदा और उनकी बड़ी बहन आर वैशाली के कोच आरबी रमेश को द्रोणाचार्य अवॉर्ड केलिए नामित किया गया है। ग्रैंड मास्टर रमेश खुद शतरंज के खिलाड़ी रहे हैं और प्रगनानंदा, वैशाली की सफलता में उनका बड़ा योगदान है। रमेश के अलावा छह अन्य प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। वहीं हॉकी ओलंपियन विनीत कुमार, 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों का कांस्य जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर और एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाली कबड्डी खिलाड़ी कविता को ध्यानचंद लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है।

### कबड्डी कोच भास्करन भी नामितों में

सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस एएस खानविल्कर की अगुवाई में हुई राष्ट्रीय खेल पुरस्कार की मैराथन बैठक में द्रोणाचार्य और ध्यानचंद लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए नामों की सिफारिश की गई। बैठक भी जारी रहेगी, जिसमें देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कारों पर फैसला होगा। 12 सदस्यीय समिति ने द्रोणाचार्य लाइफटाइम अवॉर्ड के लिए हिरोशिमा एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य और जाने-माने कबड्डी कोच ई भास्करन, गोल्फ में जसकीरत सिंह और टेबल टेनिस में मौमा दास समेत कई नामी खिलाडियों को तैयार कर चुके कोलकाता के जयंत कुमार के नाम की सिफारिश की है। हॉकी खिलाड़ी शिवेंद्र के नाम की भी द्रोणाचार्य के लिए सिफारिश वहीं नियमित वर्ग में द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए ओलंपिक पदक विजेता रवि कुमार को कोचिंग देने वाले छत्रसाल स्टेडियम के ललित कुमार, आरबी रमेश, गुआंगझू एशियाई खेलों में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य फॉरवर्ड और भारतीय टीम के कोच शिवेंद्र सिंह के अलावा मलखंब के गणेश प्रभाकर के नाम की सिफारिश की गई है।

### विनीत कुमार जाने-माने फुलबैक रहे हैं

1984 के लॉस एंजेल्स ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम और 1986 के एशियाड में कांस्य विजेता टीम के सदस्य जाने-माने राइट फुलबैक विनीत कुमार के अलावा बैडमिंटन में युगल की विशेषज्ञ मंजूषा कंवर और कबड्डी खिलाड़ी कविता के नाम की ध्यानचंद अवॉर्ड के लिए सिफारिश की गई है। खेल मंत्रालय की अंतिम मंजूरी के बाद इन नामों पर पुरस्कार की मुहर लग जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### इरफान पठान ने रिंकू सिंह की पीठ थपथपाई, खेल की हुई सराहना



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने रिंकू सिंह के खेल को सराहा की है। इरफान ने कहा कि अपने अब तक के छोटे से अंतरराष्ट्रीय करियर में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह पर अपना भरोसा बरकरार है। 39 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास गेंद पर जोरदार प्रहार करने की क्षमता है और वह उछाल वाली सतहों पर खेलने का आनंद लेते हैं, जो उन्हें दक्षिण अफ्रीका में मिलेगा। अलीगढ़ में जन्मे बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 आई श्रृंखला में असाधारण प्रदर्शन किया था और इसके बाद उन्हें एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भी कॉल-अप मिला। इरफान पठान ने कहा कि रिंकू सिंह ने घरेलू सर्किट में कड़ी मेहनत की है और सबसे छोटे प्रारूप में अपने अनुभव के बारे में बात की। विशेष रूप से तेजतर्रार बल्लेबाज आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सनसनीखेज था, और उसके बाद उसने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित किया। उन्होंने याद दिलाया कि रिंकू को अपने अवसर के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। इरफान ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि क्रिकेटर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफलता का आनंद ले रहे हैं। मुझे लगता है कि वह गेंद की उछाल और गति का आनंद लेंगे क्योंकि वह उस तरह के क्रिकेटर हैं जो तेज गेंदबाजी का सामना करना पसंद करते हैं। मुझे सचमुच लगता है कि वह एक ऐसा व्यक्ति है जो तैयार है।

### 9 साल बाद रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी करेगी भारतीय महिला टीम

**मुंबई।** घरेलू परिस्थितियों में खेलने के फायदे के अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम खेल के सभी



प्रारूपों में हाल के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा करेगी। ताकि जब वह चार दिवसीय वन-ऑफ टेस्ट में यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं से भिड़ेगी तो उसे मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में टीम द्वारा रेड-बॉल मैच नहीं खेलने के कारण टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को इस प्रारूप का अधिक अनुभव नहीं है और इसलिए वे मैदान में जाने और चीजों को वैसे ही लेने की योजना बना रहे हैं जैसे वे आते हैं। लेकिन जब रिकॉर्ड बुक की बात आती है तो भारतीय महिला टीम के लिए अभी भी कुछ सकारात्मक बातें हैं क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अनुकूल है। टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करने के चार दशक से भी अधिक समय में भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड के खिलाफ केवल 14 मैच खेले हैं। जिनमें से दो मैच जीते और एक हारे, जबकि 11 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, भारत की महिलाएं घरेलू मैदान पर केवल पांच बार इंग्लैंड से खेली हैं। जिनमें से एक में उन्हें हार मिली है और चार मैच ड्रॉ रहे हैं। आखिरी बार दोनों देशों के बीच भारत में मुकाबला नवंबर 2005 में हुआ था, जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। टेस्ट मैचों में उनकी आखिरी भिड़ंत - जुलाई 2021 में ब्रिस्टल में भी ड्रा पर समाप्त हुई थी। महिलाओं के टेस्ट मैचों में भारी अंतराल होने के कारण, खिलाड़ी खुद भी निश्चित नहीं हैं कि पिछले प्रदर्शन और रिकॉर्ड से उन्हें कितना फायदा मिलेगा।

### देविका मलिक ने सौ मीटर में जीता स्वर्ण पदक, 200 मीटर में हासिल किया रजत; पैरा एथलीट दीपा मलिक की हैं बेटी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 100 मीटर स्पर्धा के टी-37/36 वर्ग में



देविका मलिक ने स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 200 मीटर स्पर्धा के टी-37/35 वर्ग में देविका ने रजत पदक हासिल किया। देविका पैरा एथलीट और पैरालिम्पिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक की बड़ी बेटी हैं, जिन्होंने प्रतिभा के दम पर विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। देविका के नाम 100 और 200 मीटर में राष्टीय रिकार्ड भी हैं। देविका ने बताया कि उन्होंने चीन में आयोजित हुए पैरा एशियाई खेलों के लिए जमकर मेहनत की थी। वही मेहनत उन्हें खेलो इंडिया पैरा गेम्स में पदक जीतने में सहायक बन रही है। हरियाणा के लिए दो पदक जीतना गर्व की बात है। वैसे तो वह एक अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं, लेकिन खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेना और पदक जीतना बड़ी बात है। उन्होंने बताया कि मेरी मां ही मेरी ताकत हैं। मां दीपा मलिक ने बताया कि शरीर का एक हिस्सा पैरालाइज होने के बावजूद देविका मजबूत इरादे के दम पर विश्वभर में जीत का परचम लहराती है। एक मां के तौर पर मैंने हमेशा उसका साथ दिया है।

# यूपी के नेहल और शशांक को बैडमिंटन में स्वर्ण पंजाब की जसप्रीत को पैरालिफ्टिंग में गोल्ड

**नई दिल्ली।**
उत्तर प्रदेश के नेहल गुप्ता ने यहां खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एसएल-3 श्रेणी में बिहार के उमेश विक्रम कुमार को 19-21, 21-7, 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खेलों में स्पर्धा के तीसरे दिन आईजी स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम में बैडमिंटन और ट्रैक एंड फील्ड के मुकाबले हुए। महिलाओं की एसयू-5 में महाराष्ट्र की दूसरी वरीयता की खिलाड़ी आरती पाटिल ने हरियाणा की लतिका को तीन गेमों के मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-8 से पराजित किया। पुरुषों के एसयू 5 एकल वर्ग में हरियाणा के देव राठी ने अपने ही राज्य के शीर्ष वरीय हार्दिक मक्कड़ को 21-19, 21-19, 21-19 से हराकर उलटफेर कर दिया। डब्ल्यू एच श्रेणी में उत्तर प्रदेश के शशांक कुमार ने पश्चिम बंगाल के अंकित प्रधान को 21-7, 21-9 से हराकर पीला तमगा जीता। पुरुषों व्हील चेयर-2 श्रेणी पंजाब के अबोहर के संजीव कुमार ने कर्नाटक के मंजूनाथ को 21-12, 21-7 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। एसएच-6 में तमिलनाडु के पैरा एथलीट सुदर्शन एम एस ने दीनाघरन पी को 21-16, 21-17 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। तमिलनाडु के नवीन शिवकुमार ने छत्तीसगढ़ के अभिजीत सखूजा को एसएल-4 में 22-20, 21-14 से मात दी। महिलाओं की एसएल-4 श्रेणी के फाइनल में हरियाणा की ज्योति ने असम की चिरंजीता भारली को 21-9, 21-5 से हराया। व्हील चेयर-2 में उत्तर प्रदेश की रुचि त्रिवेदी ने खिताबी मुकाबले में कर्नाटक की अमू मोहन को 21-19, 21-18 से हराया। पंजाब की जसप्रीत कौर ने यहां प्रथम खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पैरालिफ्टिंग के 45 भारवर्ग में 85 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि गुजरात के सपना शाह ने 47 किलो उठाकर रजत जबकि महाराष्ट्र की सोनम पाटिल ने 40 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। चक्का फेंक में हरियाणा के योगेश कथूनिया ने एफ-56 श्रेणी में 40.09 मीटर के साथ स्वर्ण अपने नाम किया जबकि उत्तर प्रदेश के बीरभद्र सिंह (36.24 मीटर) ने रजत और तमिलनाडु के प्रकाश वी (33.91 मीटर) के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। 400 मीटर में हरियाणा के मदन अव्वल : पुरुषों की 400 मीटर की दौड़ में टी-11 श्रेणी के तहत हरियाणा के मदन (1: 00.13) ने स्वर्ण और तेमरा संतोष (1:05.15) ने रजत और कर्नाटक के रवि कुमार (1: 07.99) ने तीसरा स्थान हासिल किया। नेहरू स्टेडियम में महिलओं की लंबी कूद में अंडमान एवं निकोबार की एम भवानी ने (3.02 मीटर) ने टी 63 और 64 श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया। गुजरात की निशा (2.86 मीटर)ने दूसरा स्थान लिया। महिला शॉटपुट में हरियाणा की पूनम शर्मा (6.99 मीटर) ने एफ 56 और 57 श्रेणी में स्वर्ण पदक लिया। गुजरात की सादिका (6.89 मीटर) ने रजत पदक और मीनाक्षी एच जाधव (5.16 मीटर) ने तीसरा स्थान लिया। जेवलिन की एफ 53 और एफ 54 स्पर्धा में उत्तर प्रदेश के दीपेश कुमार 26.05 मीटर के साथ अव्व्ल रहे। उन्होंने अपने ही राज्य के प्रदीप कुमार (25.30) को पछाड़ा, जिन्हें रजत मिला। हरियाणा के सुमित (16.75 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।




### टेस्ट श्रृंखला में अहम होगी कोहली की भूमिका : जैक कैलिस

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान हरफनमौला जैक कैलिस ने कहा कि दो मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में विराट कोहली का फॉर्म और दक्षिण अफ्रीकी पिचों की जानकारी भारत की सफलता के लिए अहम साबित होगी। भारत को सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक और केपटाउन में तीन से सात जनवरी तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। कैलिस ने कहा कि मुझे यकीन है कि वह दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करना चाहेगा। वह शानदार फॉर्म में है और भारत के लिए उसकी भूमिका अहम होगी। अगर उन्हें यहां जीतना है तो उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गौरतलब है कि कोहली ने पिछले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में 30 पारियों में 932 रन बनाए। वह मौजूदा चक्र में एक शतक और एक अर्धशतक बना चुके हैं। वहीं वनडे विश्व कप में 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। कैलिस ने कहा कि वह बहुत बड़ा खिलाड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में खेल चुका है और काफी कामयाब रहा है। वह अपना अनुभव दूसरे खिलाड़ियों के साथ बांट सकता है। गौरतलब है कि कोहली ने विदेश में लगाए गए 29 टेस्ट में से दो दक्षिण अफ्रीका में बनाए हैं। कैलिस ने कहा कि यह भारतीय टीम अच्छी है लेकिन दक्षिण अफ्रीका को उसकी धरती पर हराना बेहद ही कठिन है।

# नीदरलैंड को हराकर भारत जूनियर विश्व कप हॉकी के सेमीफाइनल में, अब जर्मनी से होगी टक्कर



**नई दिल्ली।**
दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने जूनियर हॉकी विश्व कप में नीदरलैंड जैसी मजबूत टीम को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम सेमीफाइनल में जर्मनी से खेलेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज भारत और नीदरलैंड के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। मध्यांतर तक डच टीम 2-0 से आगे थी लेकिन उसके बाद भारत ने वापसी की और दूसरे हाफ में चार गोल दागे। नीदरलैंड के लिए टिमो बोएर्स ( 5वां मिनट), पेपिन वान डेर हेडेन ( 16वां मिनट ) और ओलिवियर होर्टेनसियस ( 44वां मिनट ) ने गोल किए जबकि भारत के लिए आदित्य लालागे ( 34वां मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (36वां मिनट),आनंद कुशवाहा (52वां मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह ( 57वां मिनट) ने गोल दागे। नीदरलैंड टीम ने पहले ही क्वार्टर से आक्रामक शुरुआत करते हुए पेनॉल्टी कॉर्नर बनाया जिसे बोएर्स ने गोल में बदला। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में वान डेर हेडेन ने दूसरे पेनाल्टी कॉर्नर को तब्दील करके टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी जो मध्यांतर तक बनी रही। तीसरे क्वार्टर में भारत ने शानदार वापसी की जिसके सूत्रधार अरिजीत सिंह रहे। उन्होंने 34वें मिनट में लालागे के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और दो मिनट बाद पेनॉल्टी स्ट्रोक को तब्दील करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में ही डच टीम ने फिर बढ़त बनाई जब ओलिवियर ने पेनॉल्टी कॉर्नर तब्दील किया। आखिरी दस मिनटों में भारतीय टीम ने जबर्दस्त हॉकी का प्रदर्शन करते हुए दो गोल कर डाले। कुशवाहा ने 52वें मिनट में रिबाउंड पर गोल करके स्कोर बराबर किया। भारत को 57वें मिनट में महत्वपूर्ण पेनाल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल करने में कप्तान उत्तम सिंह ने चूक नहीं की। आखिरी दो मिनटों में डच टीम ने बराबरी का गोल करने की भरसक कोशिश की लेकिन भारतीय रक्षक पंक्ति चट्टान की तरह अडिग रही।

# मीरपुर की पिच से आईसीसी नाराज, बांग्लादेश-न्यूजीलैंड के दूसरे टेस्ट के बाद उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली।**
बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई, जिसमें दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच की पिच काफी सुर्खियों में रही। दूसरे टेस्ट के बाद अब आईसीसी वे मीरपुर के शेर-ए बांग्ला स्टेडियम की पिच को लेकर एक बड़ा कदम उठाया। आईसीसी ने मीरपुर की पिच को असंतोषजनक करार देते हुए एक डिमेरिट अंक दिया है। बता दें कि दूसरे टेस्ट में दोनों ही टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करते हुए नजर आए थे। दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से जीत मिली थी और इसके बाद सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

### मीरपुर की पिच से आईसीसी नाराज

दरअसल, आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून ने कहा है कि पिच शायद पूरी तरह से तैयार नहीं हुई थी और स्पिनरों की गेंद कभी बल्लेबाजों के कंधे के ऊपर से निकली तो कभी गेंद काफी नीचे रही। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के दूसरे टेस्ट मैच का दूसरा दिन पूरी तरह से बारिश की भेंट चढ़ा था। तीसरे दिन के खेल में भी बारिश विलेन बनी। इसके बाद हाल ही में आईसीसी ने मीरपुर की खराब पिच से नाराजगी जताई। आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून ने कहा कि, आउटफील्ड बहुत अच्छी थी और बारिश के बावजूद भी अच्छी तरह टिकी हुई थी। हालांकि, ऐसा प्रतीत हुआ कि पिच कम तैयार



की गई होगी, क्योंकि यह सख्त नहीं थी और पहले दिन घास की कतरनों से ढकी हुई थी। पहले सेशन के बाद से, मैच के बाकी समय में उछाल इनकंसिस्टेंट था और कई गेंदें सतह से टकरा रही थीं। आगे खेलते समय स्पिन गेंदबाजों की गेंदें अक्सर बल्लेबाज के कंधे के ऊपर से निकल जाती थीं और फिर कभी-कभी बहुत नीचे रह जाती थीं। अगर बात करें न्यूजीलैंड-बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट मैच की तो बता दें कि न्यूजीलैंड टीम को जीत के लिए 137 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 69 रन तक छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थे। पहली पारी में 72 गेंद में 87 रन बनाकर टीम को मुश्किल से उबारने वाले फिलिप्स ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 48 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए।न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से मैच अपने नाम किया।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया: रसेल की दो साल बाद वापसी, 3 विकेट लिए, 29 रन बनाए; सीरीज में 1-0 की बढ़त

**नई दिल्ली।**
वेस्टइंडीज ने आंद्रे रसेल के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। ब्रिजटाउन में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया। इस तरह कैरेबियन टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। रसेल ने दो साल से अधिक समय के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए 3 विकेट लेने के साथ ही 14 गेंदों पर नाबाद 29 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। टॉस जीत कर वेस्टइंडीज ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने सभी विकेट खोकर 171 रन बनाए। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 11 बॉल शेष रहते हुए 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए।



### इंग्लैंड को फिल साल्ट और जोस बटलर ने दी अच्छी शुरुआत

इंग्लैंड को ओपनर फिल साल्ट और कैप्टन जोस बटलर ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी हुई। साल्ट ने 20 गेंदों पर 40 रन और जोस बटलर ने 39 रन बनाए। इन दोनों के अलावा लियम लिविंगस्टन ने 19 गेंदों पर 27 रन बनाए।

### वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए

वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसेल और अल्जारी जोसेफ ने 3-3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल ने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 और जोसेफ ने 3.3 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। इन दोनों के अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट लिए। वहीं अकील हुसैन और जेसन होल्डर ने 1-1 विकेट लिए।

### पावर प्ले में वेस्टइंडीज ने बनाए 59 रन

वेस्टइंडीज ने पावर प्ले में 1 विकेट खोकर 59 रन बनाए। वेस्टइंडीज को पहला झटका 32 रन पर लगा। ओपनर ब्रैंडन किंग 12 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद काइल मायर्स और साइ होप ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। मायर्स ने 21 गेंदों पर 35 रन और होप ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाए। इन दोनों के अलावा रोवमेन पावेल ने 15 गेंदों पर नाबाद 31 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए।

## रोहित का वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद पहला रिएक्शन

# बोले- मूव ऑन करना बहुत मुश्किल था, टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं

**नई दिल्ली।**
टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्डकप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद पहला रिएक्शन आया है। करीब 23-24 दिन बाद पहली बार रोहित कैमरे के सामने नजर आए हैं।

उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता था कि कैसे इससे बाहर निकलूं। पहले कुछ दिनों में मुझे कुछ नहीं पता था क्या करूं। मेरी फैमिली, मेरे दोस्तों ने चीजों को आसान किया और मेरा साथ दिया। लेकिन मूव ऑन करना आसान नहीं था।

रोहित शर्मा ने उनकी मैनेजिंग टीम की ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया गया है। वहीं यह वीडियो मुंबई इंडियंस ने भी ट्वीट किया है। बता दें कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया था।

**मैं टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं: रोहित** - उन्होंने कहा- मैं हमेशा 50 ओवर का वर्ल्डकप देखकर बड़ा हुआ हूं। 50 ओवर का



वर्ल्डकप मेरे लिए सर्वोच्च पुरस्कार था। हमने उस वर्ल्डकप के लिए इतने सालों तक काम किया था। यह काफी निराशाजनक होता है, जब आपने सब अच्छा किया, आप जो कर सकते थे आपने किया। अगर मुझसे कोई पूछेगा कि आपने क्या गलत किया मेरे पास जवाब नहीं होगा। हमने 10 मैच जीते। परफेक्ट कभी कोई नहीं होता आप जीतते हैं तब भी गलतियां करते हैं। मैं टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं।

**आसान नहीं था कैसे उससे बाहर निकलूं** - कप्तान ने आगे कहा- फाइनल के बाद मेरे लिए आसान नहीं था कैसे उससे बाहर निकलूं। मैंने कहीं दूर जाने का फैसला किया जहां इससे बाहर निकल पाउं। लेकिन, सभी का शुक्रिया कि वर्ल्ड कप कैम्पेन के दौरान हमें इतना सपोर्ट किया। एक-डेढ़ महीने लोगों ने हमारा साथ दिया, स्टेडियम आए, हमें सपोर्ट किया। उनका सभी का बहुत शुक्रिया। मुझे उन सभी के लिए बुरा लगा। लेकिन सबसे अच्छी बात थी कि जब मैं लोगों से मिला उन्होंने हमें समझा। उनके अंदर गुस्सा नहीं था बल्कि उनसे प्यार मिला। इससे हम सभी को खासकर मुझे ताकत मिली और मैं आगे बढ़ पा रहा हूं।

**अश्विन ने बताया था- वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद रोहित-विराट फूट-फूटकर रोए थे** - वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में मिली हार के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली फूट-फूटकर रोए थे। ये खुलासा टीम के स्टार स्पिनर आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एस बद्रीनाथ से बातचीत के दौरान किया है।

### भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा




**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अगले माह होने वाली पांच टेस्ट की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में चार विशेषज्ञ स्पिनरों को चुना है, जिसमें टॉम हर्टले और बशीर की स्पिन जोड़ी भी शामिल है, इस पदार्पण का इंतजार है। ऑफ स्पिनर हर्टले और बशीर दोनों इंग्लैंड लॉयस टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात में ट्रेनिंग की। समरसेट के लिए खेलने वाले 20 साल के बशीर ने साल 2023 जून में पदार्पण करने के बाद छह प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 10 विकेट चटकाए हैं। टीम में शामिल दो अन्य विशेषज्ञ स्पिनर जैक लीच और लेग स्पिनर रेहान अहमद हैं। लीच पीठ की चोट उबर गए हैं। पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के दौरान पारी में पांच विकेट चटकाने वाले रेहान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। वहीं गस एटकिंसन को भी पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। विश्व कप के बाद घुटने की सर्जरी कराने वाले बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करने वाले हैं, लेकिन यह देखना होगा कि यह ऑलराउंडर गेंदबाजी करता है या नहीं। एशेज टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स की टीम में वापसी हुई है। अनुभवी जेम्स एंडरसन, ओली रोबिनसन, एटकिंसन और मार्क वुड टीम में चार शीर्ष तेज गेंदबाज हैं। पांच टेस्ट की श्रृंखला हैदराबाद में 25 जनवरी को शुरू होगी। टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, जैक क्राउली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हर्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रोबिनसन, जो रूट और मार्क वुड।

# बच्चों में छुपी इंटेलिजेंस को समझकर सही दिशा दें



हर बच्चे के अंदर कोई-न-कोई प्रतिभा और इंटेलिजेंस छुपी होती है। लेकिन कई बार अभिभावक उसे खेल-कूद समझकर अनदेखा कर देते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अपने बच्चे के अंदर छुपी इंटेलिजेंस को समझें और उसे सही दिशा देने की कोशिश करें ।

### लॉजिकल- मैथमैटिकल इंटेलिजेंस

बच्चों के अंदर छुपी लॉजिकल- मैथमैटिकल इंटेलिजेंस यह दर्शाती है कि उसकी सोचने की क्षमता लॉजिकल मैनर में अधिक है। अगर आपके बच्चे में इस तरह की योग्यता है तो आप उसकी इंटेलिजेंस को बढ़ाने के लिए उसे घर पर रीजिनिंग, मैथ्स आदि के छोटे-छोटे सवाल दें। इसके बाद उसे छोटे-छोटे बजट प्लानिंग के सवाल दें और इसी तरह क रियर में सहयोग करें।

**लक्षण-** इस तरह के बच्चे पज़ल्स, टीजर्स, और लॉजिक वाले गेम खेलना ज्यादा पसंद करते हैं। जब तक कि किसी पज़ल या प्रश्न का जवाब न ढूंढ लें तब तक हार नहीं मानते हैं। ऐसे बच्चे यह भी कोशिश करते हैं कि उस टास्क को विभिन्न तरीके से कैसे किया जा सकता है। इसके अलावा गाड़ी नम्बर और मोबाइल नंबर भी ऐसे बच्चों को सबसे जल्दी याद हो जाता है।

### वर्बल- लिंग्विस्टिक्स इंटेलिजेंस

वर्बल लिंग्विस्टिक्स इंटेलिजेंस वाले बच्चे में विभिन्न तरह की भाषाएं सीखने की क्षमता ज्यादा होती है। इस तरह के बच्चे हमेशा दूसरों की भाषा या डिफिकल्ट वर्ड बहुत जल्दी सीख जाते हैं और बोलने का प्रयास करते हैं। ऐसे बच्चे लैंग्वेज कमांड में भी अपना करियर बना सकते हैं। इसमें बच्चों की प्रतिभा बढ़ाने के लिए उन्हें छोटे-छोटे टॉपिक्स दें और उस पर एक कहानी लिखने को कहें। साथ ही उनकी पसंदीदा किताब उन्हें पढ़ने के लिए दें। अक्सर अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अपने सिलेबस की ही किताबें पढ़नी चाहिए। अन्य किताबों पर समय बरबाद होता है, पर यह धारणा गलत है। बस बच्चे को उसकी उम्र के अनुरूप किताबें देनी चहिए।

**लक्षण-** वर्बल लिंग्विस्टिक्स इंटेलिजेंस वाले बच्चे अपनी शुरूआती उम्र में कविता सबसे जल्दी सीखते हैं और उसका उच्चारण भी बिल्कुल सही करते हैं। इसके अलावा ऐसे बच्चों को लिखने और किताबें पढ़ने में इंटरेस्ट ज्यादा होता है। इस तरह के बच्चे अपने आप कई छोटी-छोटी स्टोरी क्रियेट कर लेते हैं, साथ ही ये बोलचाल की भाषा और उच्चारण में हुई गलतियों को भी जल्दी पकड़ते हैं।

### म्यूजिकल इंटेलिजेंस

कई बच्चों की म्यूजिकल यानी संगीत की रुचि बहुत अधिक होती है। म्यूजिकल इंटेलिजेंस वाले बच्चों की आवाज और बोल- चाल में रिदम देखने और सुनने को मिलेगी। म्यूजिक के शौकीन बच्चों को एक्टिविटीज के तौर पर म्यूजिकल क्लास में एडमिशन करा देना चाहिए। हो सकता है इसमें ही बच्चे का सुनहरा भविष्य छिपा हो। बच्चा कई रियेलिटी शो में भी हिस्सा ले सकता है और साथ ही एक अच्छा सिंगर और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट एक्सपर्ट भी बन सकता है।

**लक्षण-** इस तरह की योग्यता वाले बच्चे अपनी शुरूआती उम्र में गाना सुनते ही उसे बड़ी जल्दी कैप्चर कर लेते हैं, साथ ही गाने और कविता को सही टोन के साथ गाने की कोशिश करते हैं। कई बार बातें भी गाने की टोन में बोलते हैं। जिसे हम मजाक या शरारत समझकर इग्नोर कर देते हैं। म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट की तरफ भी बच्चों का ध्यान भागता तरह के खिलौने पसंद करते हैं।

### विजुअल स्पेशियल इंटेलिजेंस

बच्चों में विजुअल इंटेलिजेंस उनकी क्रिएटिविटी को दर्शाती है। कई बच्चे आर्ट में मास्टर होते हैं इसलिए वे अन्य विषयों की अपेक्षा ड्राइंग में ज्यादा रुचि दिखाते हैं। लेकिन अभिभावकों को लगता है कि इसमें उनका कोई भविष्य नहीं है इसलिए वे अन्य विषयों इंग्लिश और मैथ्स पर ज्यादा जोर देते हैं। यदि आपके बच्चे की आर्ट और विजुअल स्पेशियल में रुचि है तो वो एक एनालिटिक्स स्पेशलिस्ट, आर्टिस्ट, डिजाइनर, इंटीरियर डेकोरेटर के तौर पर भी अपना भविष्य बना सकता है।

**लक्षण-** इस तरह की इंटेलिजेंस वाले बच्चे ज्योमैट्री और फिजिक्स जैसे डिफिकल्ट विषय के डायग्राम, चार्ट, ग्राफ्स व मैप आदि को बेहतरीन ढंग से डिजाइन कर लेते हैं। इसके अलावा कोई भी डायरेक्शन इन्हें जल्दी याद हो जाती है। यह किसी का चेहरा और अपनी इमेजिनेशन यानी कल्पना को भी कागज पर उतार सकते हैं।

# योग से तन और मन का सौंदर्य निखारें



**योग जीवन जीने की कला है। योगासन जहां हमारे शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, वहीं प्राणायाम मानसिक शक्ति का विकास करते है। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ व सुडौल बनाने के साथ हमारे विचारों को भी निर्मल बनाने में सहायक होता है।**

आज महिलाएं घर और परिवार की ज़िम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं। बेटी, बहू, मां और पत्नी की भूमिका निभाते हुए वह अक्सर अपने ऊपर ध्यान नहीं दे पाती। रोजाना सुबह से रात तक के इस भाग दौड़ भरे जीवन में उनके लिए एक नियमित दिनचर्या का पालन संभव नहीं हो पाता है। परंतु यदि वह प्रतिदिन सिर्फ एक घंटे का योगाभ्यास करती है जिसमें प्राणायाम एवं ध्यान भी शामिल है, शरीर को स्वस्थ व सुडौल बनाने के साथ हमारे विचारों को भी निर्मल बनाने में सहायक होता है। योग जीवन जीने की कला है। योगासन जहां हमारे शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, वहीं प्राणायाम मानसिक शक्ति का विकास करते है।

### महिलाओं के जीवन में योग क्यों है आवश्यक

महिलाएं योग को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाकर न केवल शारीरिक रूप से स्वास्थ रह सकती हैं, बल्कि जीवन में विभिन्न प्रकार के मानसिक विकारों को दूर कर एक संतुलित जीवन जी सकती हैं।

- नियमित योगाभ्यास शरीर में न केवल चुस्ती-फुर्ती लाता है, बल्कि अतिरिक्त चर्बी को घटाकर शरीर को सुडौल, लचीला एवं रोगमुक्त बनाता है ।
- महिलाओं का जीवन चक्र हार्मोन्स के साथ जुड़ा है। इस्ट्रोजन व प्रोजेस्ट्रोन हार्मोन्स का संतुलन बेहद जरूरी है। आयु की हर अवस्था में यह अपना प्रभाव बनाए रखते हैं। आसनों के माध्यम से की गई आकुंचन-संकुचन की क्रिया हार्मोन्स का संतुलन बनाए रखने के लिए सबसे अधिक सहयोगी होती है।
- शरीर में रक्त का सुचारु रूप से संचार, प्रतिरोधक शक्ति में सुधार एवं ग्रंथियों से होने वाले स्राव का नियंत्रण भी योग द्वारा ही संभव है।
- योग द्वारा महिलाओं का सामान्य स्वास्थ्य तो अच्छा बनता ही है, उसके प्रजनन अंग भी स्वस्थ एवं सुद्रढ़ बनते हैं।
- नियमित योगाभ्यास से चेहरे पर दमक, आंखों में चमक, त्वचा में कोमलता एवं कांति आती है। मन प्रसन्न रहता है।
- योग से चित एकाग्र होता है, मन की चंचलता समाप्त करने के लिए प्राणायाम सटीक योग है।
- अक्सर परिवार में छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव और मानसिक परेशानी हो जाती है, अगर हम नियमित योगाभ्यास करते हैं तो इन छोटी-छोटी परेशानियों से घबराएंगे नहीं बल्कि संतुलित दिमाग से इन सबका सामना करेंगे।
- नियमित योग महिलाओं में आजकल प्रदूषण के कारण बढ़ रही एजिंग की प्रक्रिया को रोकता है।

नियमित योग हमारे विचारों को सकारात्मक बनाता है साथ ही व्याक्तिव को भी निखारता है।

- यदि महिलाएं नियमित योग करती हैं तो वह अपने बच्चों को भी योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर पाएंगी और अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे पाएंगी।

# हर मौसम में हिट है यह फैशन



*सर्दियों में सबसे ज्यादा टेंशन फैशन ट्रेंड को लेकर होती है. मोटे-मोटे ऊनी कपड़ों के बीच ट्रेंडी नजर आना किसी चुनौती से कम नहीं है लेकिन कुछ चीजें सदाबहार होती हैं. इन टिप्स को अपनाकर आप भी ट्रेंडी और क्लासिक नजर आएंगी... तो खुद को तैयार कर लीजिए.*

### नाजुक पेस्टल रंगों का चयन

टोट या चेन स्ट्रैप, बैग चाहे जो भी हो, पर सुनिश्चित करें कि इस मौसम में सब नाजुक पेस्टल रंगों का ही हो.

समय की बचत

रोज और रोज गोल्ड घड़ियां देंगी रॉयल लुक.

आंखों की हिफाजत

कैट आइ सनग्लासेज को अलविदा कहें और बग आइ सनग्लासेज चुनें.

ज्वेलरी का कमाल

क्रिस्टल और राइनस्टोन (स्टफिक) ज्वेलरी की लेयर्स चमकीली होंगी और बहुत ज्यादा ध्यान अट्रैक्ट करेंगी.

### जूतों का जादू

आरामदेह फैशन का स्थान सबकी सूची में अव्वल होता है. अपनी टीम वाली सैंडल्स की जगह डेपर लेदर मोकैसिन्स यानी सॉफ्ट चमड़े से बनें सपाट जूतें पहनें.

### लिप्स का कमाल

होंठों पर लाल रंग की लिपस्टिक से ज्यादा आकर्षक भला और क्या लगेगा. इसलिए इस कलर को बेहिचकर लगाएं.

# डेस्क जॉब से होने वाले नुकसानों से ऐसे बचें

लंबे वक्त तक डेस्क पर बैठे रहने से आपकी बॉडी में खिंचाव आ सकता है। यही वजह है कि फिट रहने के लिए चलना-फिरना और फ्लैक्सिबिलिटी जरूरी है। 9 से 5 की जॉब धीरे-धीरे आपकी हेल्थ खराब करने लगती है। यहां दिए तरीकों से आप कुछ कॉमन समस्याओं को दूर रख सकते हैं।



**पीठ दर्द :** भले ही आप एक्सर्साइज न करें लेकिन ध्यान रखें कि डेस्क पर सही पॉश्चर में बैठें। यह बेहद जरूरी है कि आपकी कुर्सी ठीक से रखी हो और आपके पैर न लटकते रहें। ध्यान रखें कि आपकी पीठ और गर्दन पर तनाव न हो। हफ्ते में दो-तीन बार एक्सर्साइज और ऐब्डॉमिनल क्रंचेस आपको मजबूती देंगे। इससे आपका पॉश्चर सही रहेगा और पीठ पर प्रेशर भी नहीं रहेगा।

**कलाई में तनाव :** लगातार टाइप करने, रिपोर्ट लिखने और ई-मे के जवाब देने से आपकी कलाई को काफी नुकसान हो सकता है। आप कितनी देर तक ऐसा करते हैं और कीबोर्ड यूज करते वक्त कलाई की पोजिशन क्या है, इसका भी फर्क पड़ता है। अगर हाथ में झंझनाहट या सुन्न पड़ने जैसी शिकायत हो तो सतर्क हो जाएं। बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। तनाव से राहत के लिए नमस्ते की पोजिशन में हाथों को चेस्ट के सामने लाएं और कोहनी बाहर की ओर मूव करें, हाथों को तब तक झुकाएं जब तक कलाई में अच्छा-खासा स्ट्रेच न मसहूस होने लगे।

**आंखों में परेशानी :** क्योंकि कंप्यूटर स्क्रीन पर आपका काफी सारा वक्त जाता है, इससे आपकी आंखों में तनाव हो सकता है। इससे आंखों में ड्राइनेस और थकान हो सकती है। कंप्यूटर स्क्रीन आंखों से दूर रखें। स्क्रीन न ज्यादा दूर होनी चाहिए, न पास। लाइट की व्यवस्था सही रखें और स्क्रीन से हर 20 से 30 मिनट पर नजर हटाएं।



एक समय था जब बहुमंजिला इमारतों में आशियाना नहीं तलाशा जाता था, खुले आंगन और छोटे से बगीचे वाले आशियाने को प्राथमिकता दी जाती थी. बगीचे पर तो खासतौर पर ध्यान दिया जाता था, क्योंकि यही उन के घर की साजसज्जा का जरीया होता था और अपनी पसंद की सब्जियां वगैरह उगाने का भी. वक्त ने करवट बदली, तो आधुनिकता ने आंगन भी निगल लिया और बगीचा भी. लेकिन एक बार फिर लोगों में अपने घर पर एक छोटा सा बगीचा तैयार करने की उत्सुकता को देखा जा रहा है. भले ही लोग गार्डन को जरूरत या शौक के नजरिए से न देख लाइफस्टाइल स्टेटस में इजाफा समझ कर अपने आशियाने में जगह दे रहे हों, लेकिन होम गार्डन के ट्रेंड पर उन्होंने अपनी सहमति की मुहर जरूर लगा दी है.

इस बाबत बागबानी विशेषज्ञा डाक्टर दीप्ति कहती हैं, ''बगीचा होना अब घर की शान समझा जाता है. लोग इस में फैंसी पौधे और फूल उगाते हैं, जो घर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं. असल में गार्डन होना और गार्डनिंग करने में बहुत अंतर है. भले गार्डन आशियाने की रौनक को बढ़ा दे, मगर उस में रहने वालों को इस का असली सुख तभी मिलेगा जब वे इस की उपयोगिता को भी समझेंगे.''

### उपयोगिता बागबानी की

बागबानी समय का सब से अच्छा सदुपयोग है. बागबानी विशेषज्ञ डाक्टर आनंद सिंह कहते हैं, ''आज की भागतीदौड़ती दिनचर्या में किसी के पास वक्त नहीं है. लोग औफिस के काम से फुरसत पाते हैं तो घरेलू कार्यों में मसरूफ हो जाते हैं. फिर अगर समय मिलता है तो वीकैंड में शौपिंग करने निकल जाते हैं. कई बार तो फुजूलखर्ची करते हैं. ऐसे में मानसिक संतुष्टि मिलने के बजाय उलटा अवसाद घेर लेता है. अत~ इस से अच्छा तो यह हो कि घर पर रह कर कुछ रचनात्मक काम किया जाए. इस में बागबानी से बेहतर और कोई विकल्प नहीं हो सकता है, क्योंकि यह आप को मानसिक सुख देने के साथसाथ अच्छी सेहत और भरपूर ज्ञान भी देगा.'' यहां डच (जरमनी) लोगों का उदाहरण देना सही रहेगा, क्योंकि वहां करीबकरीब सभी लोगों के पास अपना बगीचा है, जिस में खाली समय में वे बागबानी करते हैं. उन्हें मौल्स में घूमने से ज्यादा बेहतर बागबानी करना लगता है. यहां आम लोग ही नहीं वरन सैलिब्रिटीज भी गार्डनिंग का शौक रखते हैं. एक डच पत्रिका में जरमनी के मशहूर शैफ, जौन लफर के अनुसार, यदि वे देश के मशहूर शैफ न बन पाते तो खुशी से गार्डनिंग के पेशे में आते. वैसे शैफ जौन अभी भी अपने पेशे के अलावा गार्डनिंग में खास दिलचस्पी रखते हैं. यही वजह है कि वे अपने पौटेड प्लांट्स कलैक्शन के पैशन को छिपा नहीं पाते.

वैसे जरमनी ही नहीं हमारे देश में भी बहुत से लोग बागबानी का शौक रखते हैं, लेकिन विस्तृत जानकारी के अभाव और इस की उपयोगिता से अनजान होने की वजह से अपने शौक को बढ़ावा नहीं दे पाते. फिर भी कुछ सैलिब्रिटीज की बात करें तो बौलीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां, जिन का ज्यादा वक्त शूटिंग करते ही बीतता है, खाली वक्त में या तो पार्टी करना पसंद करते हैं या फिर छुट्टियां बिताने विदेश पहुंच जाते हैं. लेकिन कुछ अरसा पहले एक इंटरटेनमैंट वैबसाइट को दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री सेलिना ने कहा कि वे अपने प्रोफैशन से वक्त मिलते ही छत पर बनाई अपनी बगिया में पहुंच जाती है।

**नैशनल ज्योग्राफिक औथर एवं रिसर्चर डैन बटनर के अध्ययन के अनुसार, बागबानी करने वालों का जीवन आम लोगों से 14 वर्ष अधिक होता है. कैसे, आइए जानें.**

- बागबानी दिन में ही की जाती है, इसलिए जाहिर है कि बागबानी के दौरान सूर्य के संपर्क में आना पड़ता है, जिस से शरीर को विटामिन डी मिल जाता है. विटामिन डी शरीर को कैंसर और हृदय से जुड़ी बीमारियों से बचाता है.
- यह भ्रम है कि मिट्टी में हाथ सनने से बैक्टीरिया चिपक जाते हैं, जिस से संक्रमण का खतरा रहता है. दरअसल, मिट्टी प्राकृतिक बैक्टीरिया, मिनरल्स, माइक्रोऔर्गैनिज्म का प्रमुख स्रोत होती है. रोजाना मिट्टी के स्पर्श से शरीर का इम्यून सिस्टम अच्छाहोता है.
- लोगों में भ्रांति है कि नंगे पैर जमीन पर रखने से वे मैले हो जाते हैं. लेकिन यह सोचना गलत है. त्वचा का धरती से सीधा संपर्क शरीर में इलैक्ट्रिकल ऐनर्जी द्वारा पौजिटिव इलैक्ट्रोंस जेनरेट करता है.
- आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने लोगों को अवसाद के आगोश में धकेल दिया है, जिस से तमाम तरह की बीमारियां जन्म ले रही हैं. बागबानी इन बीमारियों से बचने का एक सरल उपाय है, क्योंकि इस से मिलने वाला सुख शरीर पर प्रत्यक्ष रूप से असर डालता है और दिमाग को तनावमुक्त रखता है.
- बागबानी का अर्थ केवल फूल उगाना नहीं. घरों में किचन गार्डन भी तैयार किया जा सकता है. इस से मिलने वाली सब्जियां आप के शरीर को पोषण देने के साथसाथ ऐंटीऔक्सिडैंट भी देंगी और जहरीले तत्वों से भी शरीर की सुरक्षा करेंगी.
- बागबानी करने वालों को जिम जाने की जरूरत भी नहीं पड़ती, क्योंकि बागवानी में काम करते हुए ही पूरी ऐक्सरसाइज हो जाती है.

### कम जगह और पैसों में भी संभव

यह सच है कि बागबानी महंगा शौक है. लेकिन आप चाहें तो कम पैसों में भी यह संभव हो सकती है. जरा सोचिए, फल और सब्जियों के आसमान छूते भाव के चलते अपनी जेब ढीली करने से बेहतर यही है कि घर पर ही इन्हें उगा लिया जाए, जो आप को अच्छा स्वाद, सेहत और संतुष्टि देने के साथसाथ आप के बजट को भी बिगड़ने नहीं देंगी. डाक्टर दीप्ति कहती हैं, ''आजकल बड़े शहरों में ताजा हवा के लिए औक्सीजन जोन बनाए जा रहे हैं. वहां लोग भारी कीमत चुका कर चंद घंटे गुजारने जाते हैं. लेकिन चंद घंटों में मिली ताजा हवा से क्या होता है? ऐसा आप महीने में 1 बार कर सकते हैं।

## रेसिपी



### एप्पल एंड डेट्स मिल्कशेक

**सामग्री**

- -150 ग्राम सेब
- - 40 ग्राम खजूर
- - 220 मि.ली दूध
- - 2 टीस्पून दालचीनी पाउडर
- - 1 कप बर्फ

**विधि**

ब्लेंडर में सेब, खजूर, दूध, दालचीनी पाउडर और बर्फ डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। फिर मिक्सर को गिलास में निकाल लें। अब इसमें दालचीनी पाउडर मिलाएं और सेब की स्लाइस डालकर गार्निश करके सर्व करें।



### ड्राय फूड लड्डू

**सामग्री**

घी- 1 टेबलस्पून, काजू- 50 ग्राम, बादाम- 50 ग्राम, पिस्ता- 50 ग्राम, अखरोट- 50 ग्राम घी- 1 टेबलस्पून, किशमिश- 70 ग्राम, सूखे अंजीर- 50 ग्राम, खजूर- 70 ग्राम, इलायची पाउडर- 1 टीस्पून, घी- 3 टेबलस्पून

**विधि**

एक पैन में 1 टेबलस्पून घी गर्म करके उसमें 500 ग्राम काजू, 50 ग्राम बादाम, 50 ग्राम पिस्ता और 50 ग्राम अखरोट डालकर 5-7 मिनट तक हल्का बाउन होने तक रोस्ट करें। इसके बाद एक ब्लैंडर में इस मिश्रण को डालकर अच्छी तरह ब्लैंड करके साइड पर रखें। पैन में घी गर्म करके 70 ग्राम किशमिस, 50 ग्राम सूखी अंजीर और 70 ग्राम खजूर डालकर 3-5 मिनट तक अच्छी तरह रोस्ट करें। अब इस इस मिश्रण को भी ब्लैंडर में डालकर अच्छी तरह ब्लैंड करके साइड पर रख लें। एक बाउल में इन दोनों मिक्चर को डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसमें 1 टीस्पून दालचीनी पाउडर और 3 टेबलस्पून घी डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसमें से थोड़ा मिक्चर लेकर हाथों से इसकी गेंदे बनाकर प्लेट में रखें। आपके ड्राई फरूट्स लड्डू बन कर तैयार है। अब आप इसे सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**